www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 92.955g
चांदी 91.500 kg




2 टैरिफ की आपदा को अवसर बनाए भारत, द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति से बढ़ना होगा आगे

विंध्याचल धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब 04

वर्ष :08 | अंक :283 | मुंबई ,शनिवार ,05 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

## दिल्ली पुलिस ने 1,643 किग्रा मादक पदार्थ नष्ट किए

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को 1,643 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जीटी करनाल रोड स्थित बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। इस दौरान, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी उपस्थित रहे। मादक पदार्थों को नष्ट करने के कार्यक्रम में 529 किग्रा गांजा, 27 किग्रा चरस, 11 किग्रा हेरोइन, 517 किग्रा कोकीन तथा एमडीएमए, केटामाइन और एपेड्रिन जैसे अन्य मादक पदार्थ नष्ट किए गए। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज 1,643 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू की गई। नष्ट किए गए पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2,622 करोड़ रुपये थी। यह वर्ष 2027 तक दिल्ली को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

## नागपुर में महिला इंजीनियर ने आत्महत्या की

पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुणे की एक कंपनी में काम करने वाली इंजीनियर लगभग 15 दिन पहले अपने गृहनगर नागपुर लौटी थी, जहां वह अपने पिता, भाई और रिश्तेदार के साथ रहती थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार की सुबह जब मनकापुर इलाके में स्थित घर पर केवल उसके पिता ही थे तो उसने अपने पिता से नाश्ता लाने के लिए बाहर जाने को कहा और बाद में फांसी लगा ली।

उन्होंने बताया कि पुलिस को उसके घर से अंग्रेजी और मराठी में लिखा एक कथित सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें उसने रितेश और प्रतिम नामक दो व्यक्तियों पर अपनी मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके रूममेट ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इसके अलावा उसने कहा कि पांच मार्च को इंदौर हवाई अड्डे से उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया था तथा शिकायत दर्ज कराने के प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कथित तौर पर मोबाइल बिल नहीं होने का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में उसने यह भी दावा किया कि उसे एक फर्जी वीडियो के जरिए फंसाया जा रहा है जिसमें एक हमशक्ल है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# वक्फ बिल के खिलाफ सड़कों पर उतरे मुसलमान, देशभर में हो रहे प्रदर्शन, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**'हमारी धार्मिक स्वतंत्रता को कैसे कुचल सकते हैं?' वक्फ बिल को लेकर केंद्र पर बरसे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद**

**प्रदर्शन**

▶▶वक्फ संशोधन विधेयक को संसद से मंजूरी मिलने के बाद सैकड़ों मुसलमान और कई अल्पसंख्यक संगठन इसके विरोध में उतर आए हैं. ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने बिल का सपोर्ट किया है.

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा से वक्फ संशोधन बिल के पास होने के बाद देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं. कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं. इस बीच वक्फ एक्ट में बदलाव के खिलाफ शुक्रवार (4 अप्रैल, 2025) को सुप्रीम कोर्ट में पहली याचिका दाखिल की गई. कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन बिल 2025 को चुनौती दी है कोलकाता के पार्क सर्कस क्रॉसिंग पर अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को तत्काल वापस लेने की मांग की. प्रदर्शनों के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर जमा हो गए. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी वक्फ विधेयक पेश करने के लिए बीजेपी की आलोचना की है और उस पर देश को बांटने का प्रयास करने का आरोप लगाया है. संसद में विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों की ओर से कड़ी आपत्ति जताई गई और उन्होंने इसे मुस्लिम विरोधी और असंवैधानिक करार दिया, जबकि सरकार ने जवाब दिया




**वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी:कांग्रेस सांसद ने भी याचिका लगाई**



नई दिल्ली , राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष के सभी लोगों ने बिल को स्वीकार नहीं किया। इसका मतलब इसमें खामिया हैं। जिसकी लाठी उसकी भैंस ये हर वक्त ठीक नहीं। राज्यसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष के सभी लोगों ने बिल को स्वीकार नहीं किया। इसका मतलब इसमें खामिया हैं। जिसकी लाठी उसकी भैंस ये हर वक्त ठीक नहीं। वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दो याचिका लगाई गई। बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यह याचिका लगाई है।

**वक्फ बिल को लेकर जेडीयू में उठापटक, 5 नेताओं का इस्तीफा, संजय झा बोले- जो पार्टी छोड़ रहे उन्हें हम भी नहीं जानते**

*जेडी(यू) के एक अन्य नेता नदीम अख्तर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वह वक्फ संशोधन विधेयक को पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने के कारण पार्टी छोड़ने वाले पांचवें सदस्य बन गए हैं। उनके इस्तीफे के बाद जेडी(यू) नेता राजू नैयर, तबरेज सिद्दीकी अलीग, मोहम्मद शाहनवाज मलिक और मोहम्मद कासिम अंसारी सहित चार अन्य नेताओं ने भी इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले जेडी(यू) नेता राजू नैयर ने अपने इस्तीफे में लिखा था, वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने और उसका समर्थन किए जाने के बाद मैं जेडी(यू) से इस्तीफा देता हूं। वहीं, जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा का इस पर बड़ा बयान आया है।*

# यूनुस से बोले मोदी- बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं

**संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने की हिदायत; हिन्दुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया**

> दोनों नेताओं के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हालत पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी ने इस मुद्दे को खुलकर सामने रखा। यूनुस ने भरोसा दिया कि बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरेगी।

एजेंसी

**नयी दिल्ली / बैंकॉक ,** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराने की अपील की। साथ ही संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाली बयानबाजी से बचने के लिए भी कहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-यूनुस से मुलाकात को लेकर जानकारी दी। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मोदी ने यूनुस से कहा कि लोकतंत्र में चुनाव बहुत जरूरी हिस्सा है। पीएम ने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही लोकतांत्रिक और स्थायी सरकार देखेंगे।

दोनों नेताओं ने थाईलैंड में बिम्सटेक समिट की साइडलाइन में यह मुलाकात की है। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद पीएम मोदी पहली बार यूनुस से मिले हैं।

इस बयान को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने कड़े शब्दों में जवाब दिया था। जयशंकर ने कहा, हम यह मानते हैं कि सहयोग एक व्यापक चीज है। ऐसा नहीं हो सकता है कि आप सिर्फ अपने फायदे की ही बात करें, बाकी बातों को नजरअंदाज कर दें।

इससे पहले कल रात बिम्सटेक डिनर में दोनों नेता एक साथ दिखाई दिए थे। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को दोनों के बीच मुलाकात होने का दावा किया था। पीएम मोदी ने बिम्सटेक देशों की 6वीं समिट में भी हिस्सा लिया। इस दौरान थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेइतोंगतार्न शिनवात्रा ने उनका स्वागत किया।इससे पहले उन्होंने आज म्यांमार के मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने म्यांमार में भूकंप की वजह से मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही कहा कि भारत म्यांमार की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।




**यूनुस ने कहा था- भारत का नॉर्थ-ईस्ट 'लैंडलॉक्ड'**

यूनुस के पद संभालने के बाद से भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मोहम्मद यूनुस ने हाल ही में अपनी चीन यात्रा के दौरान कहा था कि भारत का नॉर्थ-ईस्ट लैंडलॉक्ड है और उसकी समुद्र तक पहुंच नहीं है। समुद्र तक पहुंचने के लिए बांग्लादेश इस क्षेत्र का मुख्य दरवाजा है।

## टैरिफ मुद्दे: विपक्षी सांसदों का विरोध प्रदर्शन

**कांग्रेस बोली, यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला**

एजेंसी

> कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कल भी हमने सदन में इस मुद्दे को उठाया था। विपक्ष के नेता ने भी इसे उठाया था। यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला होगा। हम इस पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार संसद बंद करके भाग रही है।

**नयी दिल्ली।** भारत पर अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद के मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि देखिए, अब क्या हुआ है। अमेरिका ने हम पर टैरिफ लगा दिया है। (भारत और अमेरिका के बीच) दोस्ती थी, लेकिन देखिए अब क्या हुआ है। कांग्रेस सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा, प्रधानमंत्री को सदन में आना चाहिए और टैरिफ के मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कल भी हमने सदन में इस मुद्दे को उठाया था। विपक्ष के नेता ने भी इसे उठाया था। यह भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बड़ा हमला होगा। हम इस पर सरकार से जवाब मांग रहे हैं, लेकिन सरकार संसद बंद करके भाग रही है। वित्त मंत्री जवाब नहीं दे रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क (टैरिफ) लगाये जाने का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठाया और सरकार से सवाल किया कि इसे लेकर वह क्या करने जा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सदन में शून्यकाल के दौरान, चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण करने का दावा करते हुए यह भी कहा कि इस पड़ोसी देश के साथ संबंध सामान्य होने चाहिए, लेकिन उससे पहले सीमा पर पूर्व की स्थिति बहाल होनी चाहिए और भारत की भूमि लौटाई जानी चाहिए। राहुल ने कहा, हमारे साझेदार देश (अमेरिका) ने 26 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है जो हमारी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा, हमारा ऑटो उद्योग, दवा उद्योग और कृषि सभी कतार में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि वह क्या करने जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 26 प्रतिशत का रियायती जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है।



## आरएसएस की ड्रेस में नीतीश कुमार

> ● पोस्टर में कुमार को नमाज अदा करते समय मुसलमानों द्वारा पहनी जाने वाली टोपी पहने हुए भी दिखाया गया है। इसमें कहा गया है कि जेडीयू ने इफ्तार की मेजबानी की आड़ में समुदाय को धोखा दिया।

एजेंसी

**राबड़ी आवास के बाहर लगा पोस्टर, लिखा- ईद पर टोपी, वक्फ पर धोखा**

बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार पर एक नए पोस्टर हमले में, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने वक्फ संशोधन विधेयक पर उनके रुख की आलोचना की। पोस्टर में उनकी तुलना एक गिरगिट से भी की गई है, जिसमें दावा किया गया है कि कुमार ने सरीसृप से भी तेजी से अपने रंग बदले हैं, जो कुमार के राजनीतिक दलों को बदलने के पिछले कृत्यों की ओर इशारा करता है। पोस्टर में कुमार को नमाज अदा करते समय मुसलमानों द्वारा पहनी जाने वाली टोपी पहने हुए भी दिखाया गया है। इसमें कहा गया है कि जेडीयू ने इफ्तार की मेजबानी की आड़ में समुदाय को धोखा दिया। आरजेडी के पोस्टर में नारा दिया गया है कि बिहार की जनता अब उन्हें सबक सिखाएगी। कथित तौर पर, यह पोस्टर आरजेडी नेता आरिफ जिलानी ने पूर्व सीएम और आरजेडी नेता राबड़ी देवी के आवास के सामने लगाया था। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में, आरजेडी ने बिहार के सीएम को धोखेबाज कुमार करार दिया।




## के अन्नामलाई ने तमिलनाडु भाजपा प्रमुख की दौड़ से खुद को किया बाहर

एजेंसी

के अन्नामलाई ने कहा है कि भाजपा में नेता पार्टी के नेता पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं करते। हम सभी मिलकर पार्टी अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। मैं उस पद की रेस में नहीं हूं। उन्होंने पार्टी के तमिलनाडु राज्य अध्यक्ष पद के लिए खुद को पूरी तरह से खारिज कर दिया। कोयंबटूर में मीडिया से बात करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मैं चाहता हूं कि पार्टी का भविष्य उज्ज्वल हो। इस पार्टी के विकास के लिए कई लोगों ने अपना जीवन दिया है। मैं हमेशा इस पार्टी के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## सात प्रधानमंत्रियों ने मेरे से बातचीत की थी ,यासीन मलिक का दावा

**मैं राजनीतिक पार्टी का नेता हूं, आतंकवादी नहीं**

▶▶मलिक ने कहा कि इस बयान ने मेरे खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी की है। केंद्र सरकार ने मेरे संगठन को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जेल में बंद जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह राजनीतिक नेता हैं, आतंकवादी नहीं और दावा किया कि अतीत में सात प्रधानमंत्रियों ने उनसे बातचीत की थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मलिक ने सीबीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील का हवाला दिया



## 'दीदी जेल जाएंगी'...संबित पात्रा का ममता पर तीखा हमला

**सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के स्कूलों में 25 हजार से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा**

> बीजेपी सांसद ने कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल, 2024 के अपने फैसले में 25,780 भर्तियों को अमान्य घोषित कर दिया था, क्योंकि पाया गया था कि ओएमआर शीट के साथ छेड़छाड़ की गई थी और रिश्वत के बदले अयोग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया

एजेंसी

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने एसएससी द्वारा बंगाल के स्कूलों में 25 हजार से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखने का आदेश दिया. इसके बाद भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया. उन्हें राज्य की स्कूल भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया. एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संबित पात्रा ने कहा, दीदी जेल जाएंगी! हिंदुस्तान में कानून का शासन है. जिस दिन भाजपा बंगाल में सरकार बनाएगी, कानून की पूरी ताकत ममता बनर्जी पर लाई जाएगी. कुछ दिन पहले ममता बनर्जी ऑक्सफोर्ड गईं और खुद को शेरनी कहा. लेकिन कोई शेरनी भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं होती. ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने जिस तरह से पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है और उसे खुली छूट दी है, उससे आज लाखों लोग प्रभावित हुए हैं. शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार इस हद तक था कि लोग कोर्ट चले गए और इसे नौकरियों के लिए रिश्वत घोटाला कहा गया...पात्रा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद कहा है कि उनके शासन में विश्वसनीयता और वैधता खत्म हो गई है. भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार द्वारा दिए गए अपने फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के माध्यम से आयोजित भर्ती प्रक्रिया में गंभीर हेरफेर पाया. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया



**हंगामा** | **लोकसभा में हंगामा, ओम बिरला ने भी कही बड़ी बात**

# सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर भड़की बीजेपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के खिलाफ टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के जोरदार विरोध के बाद शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। सदस्यों ने सोनिया गांधी माफी मांगो जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा था कि भाजपा देश में ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ (संशोधन विधेयक) संविधान पर एक खुला हमला है। हंगामे के जवाब में विपक्षी सदस्यों ने भी नारे लगाए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर हाल ही में लगाए गए टैरिफ के संबंध में सरकार से जवाब मांगा। संसद के दोनों सदनों में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित हो गया, हालांकि विपक्ष ने दावा किया कि यह असंवैधानिक है और इससे देश की शांति और सद्भावना भंग होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के दौरान संसदीय प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने के लिए सोनिया गांधी की आलोचना की। ओम बिरला ने शुक्रवार को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का नाम लिए बिना कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित किए जाने पर उनकी टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और संसदीय लोकतंत्र की मयार्दा के अनुरूप नहीं है। राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी ने आरोप लगाया था कि वक्फ (संशोधन) विधेयक,2025 को जबरन पारित किया गया और यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। बजट सत्र के आखिरी दिन, सदन में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू द्वारा सोनिया की टिप्पणी का उल्लेख किए जाने के बाद बिरला ने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ सदस्य द्वारा लोकसभा की कार्यवाही पर प्रश्न उठाना उचित नहीं है। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने कहा सोनिया गांधी ने संसद का अपमान किया है. वह जब चाहती हैं संसद पर हमला करती हैं, राष्ट्रपति पर हमला करती हैं, उप राष्ट्रपति पर अपनी टिप्पणी के जरिए हमला करती हैं. फिलहाल, सोनिया गांधी राज्यसभा सदस्य हैं. वहीं दूसरी तरफ, विपक्षी सदस्यों ने प्रधानमंत्री जवाब दो और प्रधानमंत्री सदन में आओ के नारे लगाए. नारेबाजी नहीं रुकने पर बिरला ने करीब 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

सीपीपी की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सरकार पर वक्फ संशोधन विधेयक को मनमाने ढंग से पारित कराने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है और ये समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में बनाए रखने की बीजेपी की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है.



> सदस्यों ने सोनिया गांधी माफी मांगो जैसे नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने कहा था कि भाजपा देश में ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ (संशोधन विधेयक) संविधान पर एक खुला हमला है।

# केंद्र ने तमिलनाडु के नीट से छूट संबंधी विधेयक को नामंजूर किया: मुख्यमंत्री स्टालिन



○ मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से सभी आवश्यक स्पष्टीकरण दिए थे, फिर भी केंद्र सरकार ने नीट से छूट के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया।

एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को नीट से छूट संबंधी विधानसभा से पारित किये गये प्रस्ताव को केंद्र ने नामंजूर कर दियाहै। इस प्रस्ताव को राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कराने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा था। स्टालिन ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त कराने को लेकर तमिलनाडु अपना संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नौ अप्रैल को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा को नवीनतम घटनाक्रम से अवगत कराते हुए प्रस्ताव को नामंजूर किये जाने को काला अध्याय करार दिया।

उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु की जनता की इच्छा तथा विधानसभा के विधेयक की अवहेलना करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा, तमिलनाडु सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से सभी आवश्यक स्पष्टीकरण दिए थे, फिर भी केंद्र सरकार ने नीट से छूट के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया।

## सम्पादकीय

### छोटे जिलों में लड़ी जाए विकास की लड़ाई, तभी साकार होगा विकसित भारत का सपना

यह दृष्टिकोण जिला स्तर पर विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना को बल देने का आधार बनेगा। इस कार्य में तेजी लाने की जरूरत है क्योंकि अगले 20 वर्षों में हमारी जनसंख्या की संरचना भी बदलने लगेगी और भारत की आबादी में वृद्धों की संख्या ज्यादा होने लगेगी। यही सबसे सुनहरा और अंतिम अवसर है जब हम एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में जुट जाएं।प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में छोटे जिले आदर्श केंद्र बिंदु बन सकते हैं। जैसे-जैसे हमारा देश सामाजिक, आर्थिक, जनसांख्यिकीय और राजनीतिक रूप से विकसित और परिवर्तित हो रहा है, हमारे टियर-2 और टियर-3 जिले इस परिवर्तन के केंद्र में आ रहे हैं। इन्हीं 240 जिलों में भारत की अधिकांश आबादी यानी 80 करोड़ लोगों का घर है। यह आबादी न तो बहुत अमीर है और न ही बहुत गरीब। इस वर्ग को मिडिल ऑफ द डायमंड इंडिया कहा जा सकता है।बतौर उदाहरण उत्तर प्रदेश में मेरे लोकसभा क्षेत्र देवरिया में 20 लाख मतदाता और 28 लाख नागरिक हैं, जो जार्डन जैसे देश से भी बड़ी आबादी है। यह संसदीय सीट 2,500 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है, जो एनसीआर क्षेत्र से भी बड़ी है, लेकिन चुनावों के बाद अक्सर टियर-3 जिले हाशिये पर धकेल दिए जाते हैं। विकसित भारत का सपना तभी पूरा हो सकता है जब विकास की लड़ाई इन्हीं जिलों से लड़ी जाए।देवरिया संसदीय क्षेत्र की जीडीपी पिछले दशक में लगभग छह प्रतिशत की दर से बढ़ी है। अब यह 17,000 करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बन चुकी है। अगर यही दर बनी रही तो वर्ष 2035 तक यह 30,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी, लेकिन विकसित देवरिया के संकल्प को प्राप्त करने के लिए इससे अधिक तेज वृद्धि दर की जरूरत है। इसके लिए पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए स्थानीय रोजगार का सृजन करना होगा, मानवीय संसाधनों को पूरी क्षमता से विकसित करना होगा।यह महत्वाकांक्षी आर्थिक बदलाव नागरिकों, निजी क्षेत्र और सरकार के संयुक्त प्रयास से ही संभव होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत और जल जीवन मिशन जैसे अभियानों को सफलतापूर्वक लागू किया है। चूंकि इन 240 जिलों में उभरता हुआ मध्यम वर्ग बसता है, इसलिए तेज और समान विकास सक्षम सरकार और लोकतांत्रिक प्रयासों के जरिये संभव है। सबका प्रयास का यह दृष्टिकोण कांग्रेस सरकारों के समाजवादी माडल से अलग है।पिछली सरकारों में जिलों के विकास के लिए पूरी तरह से सरकार पर निर्भरता थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार की भूमिका अहम होती है। प्रधानमंत्री मोदी के सबका प्रयास का मंत्र इन छोटे जिलों के लिए सबसे अहम है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. विवेक से कार्य करें. लाभ में वृद्धि होगी. फालतू की बाते पर ध्यान नहीं दे स्वास्थ ठीक रहेगा. आप पहले की अपेक्षा स्वयं को ज्यादा मजबूत और स्वस्थ पाएंगे.

**वृष राशि ;** मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी. पुराना रोग उभर सकता है. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. हल्की हंसी-मजाक करने से बचें.यदि आप अभी प्रेम जीवन में हैं तथा अपने साथी से दूर है तो कल के दिन आपकी उनसे भेंट हो सकती हैं.

**मिथुन राशि :** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें. किसी अनहोनी की आशंका रहेगी. शारीरिक कष्ट संभव है. लेन-देन में लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे.

**कर्क राशि :** किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें. जल्दबाजी से हानि होगी. राजभय रहेगा. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. घर में मेहमानों का आगमन होगा. व्यय होगा. सही काम का भी विरोध हो सकता है सरकारी कर्मचारी अपने काम से संतुष्ट होंगे लेकिन राजनीति के लोगों से उन्हें चुनौती मिल सकती हैं.

**सिंह राशि :** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. जल्दबाजी न करें. आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं. चिंता तथा तनाव रहेंगे. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. भेंट व उपहार देना पड़ सकता है. प्रयास सफल रहेंगे.उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को घर में अपने भाई-बहन से मार्गदर्शन मिलेगा तथा वे उनके भविष्य के निर्माण में सहयोग देंगे.

**कन्या राशि :** शत्रुओं का पराभव होगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. दुःखद समाचार मिल सकता है. व्यर्थ भागदौड़ रहेगी. काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे.

**तुला राशि :** शारीरिक कष्ट संभव है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. स्वादिष्ट भोजन राजनीति के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोग अपने लिए नए आयाम स्थापित करेंगे

**वृश्चिक राशि :** व्यापारिक दृष्टि से कल का दिन आपके लिए शुभ हैं व कई क्षेत्रों से धन प्राप्ति होगी लेकिन मन संतुष्ट नही रहेगा. आपकी किसी से दुश्मनी भी हो सकती है जिससे छवि का नकारात्मक बनने की संभावना है.

**धनु राशि :** शारीरिक कष्ट संभव है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. यात्रा मनोरंजक रहेगी. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा.शारीरिक कष्ट संभव है.

**मकर राशि :** रिलेशन में रह रहे लोग अपने साथी से किसी बात को लेकर निराश रह सकते हैं. उनका अपने पार्टनर से किसी बात को लेकर झगड़ा होने की संभावना हैं. इस समय आपको अपने अहंकार को नियंत्रण में करने की आवश्यकता हैं.

**कुंभ राशि :** शारीरिक रूप से आपको कोई समस्या नही होगी लेकिन मानसिक रूप से आप चिंता में रहेंगे तथा कोई न कोई बात परेशान करती रहेगी. मन को नियंत्रण में रखने व किसी प्रकार की दुर्भावना से बचने के लिए प्रतिदिन योग को अपने जीवन में स्थान दे.धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

**मीन राशि :** कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी. चिंता तथा तनाव रहेंगे. नई योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा. मान-सम्मान मिलेगा. रुके कार्यों में गति आएगी. निवेश शुभ रहेगा. कल के दिन आपका ज्यादातर ध्यान अपने परिवार में ही रहेगा जिससे आपसी भाईचारे में वृद्धि होगी. घर के सभी सदस्यों के साथ मेलझोल बढ़ेगा जिससे सभी के मन में आपके प्रति स्नेह और बढ़ेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# टैरिफ की आपदा को अवसर बनाए भारत, द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति से बढ़ना होगा आगे

> यह समय की मांग है कि पारंपरिक साझेदारों से परे व्यापार का विविधीकरण हो। इस क्रम में गैर पारंपरिक बाजार जैसे दक्षिण अमेरिका अफ्रीका और ओशियानिया में निर्यात की संभावनाएं खोजना महत्वपूर्ण है। निर्यात संभावना वाले उत्पादों को चिह्नित करने और इन उत्पादों को अधिकतम मांग वाले देशों में निर्यात रणनीति को बेहतर बनाने पर जोर देना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापार असंतुलन को दूर करने के नाम पर मित्र और विरोधी, दोनों तरह के देशों पर नई पारस्परिक टैरिफ दरों का एलान किया है। इससे पूरी दुनिया में जबरदस्त हलचल है। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। ट्रंप के इस एलान से दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा है।यद्यपि भारत सरकार ने ट्रंप की नई टैरिफ नीति के मद्देनजर घरेलू उद्योगों के संरक्षण की बात कही है, लेकिन अब देश के उद्योग जगत द्वारा टैरिफ संरक्षण के बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर ध्यान दिया जाना कहीं बेहतर होगा। यदि नियार्तों की बात करें तो कुल नियार्तों में से 20 प्रतिशत यानी करीब 80 अरब डालर के निर्यात अमेरिका को होते हैं।ट्रंप की टैरिफ नीति से टेक्सटाइल, आटोमोबाइल पाट्र्स, रत्न और आभूषण और इलेक्ट्रानिक्स एवं कृषि उत्पादों के प्रभावित होने की आशंका है। हालांकि टैरिफ नीति के प्रभाव से अन्य देशों की तुलना में भारत कम प्रभावित होगा। एसबीआई रिसर्च के अनुसार भारत के कुल निर्यात पर प्रभाव 3-3.5 प्रतिशत तक सीमित रह सकता है।इसमें कोई दोराय नहीं कि ट्रंप की ओर से छेड़ी गई टैरिफ जंग में भारत के लिए घरेलू मांग, नए व्यापार समझौते और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन एवं रिकार्ड खाद्य प्रसंस्कृत उत्पादों का निर्यात कारगर हथियार दिखाई दे रहे हैं। टैरिफ चुनौतियों के बीच



घरेलू मांग भारत की आर्थिक शक्ति है। देश के कुल निर्यात में सेवा निर्यात की करीब 55 प्रतिशत की ऊंची हिस्सेदारी भारत की विशेष ताकत है।भारत के पास बाहरी जोखिम का मुकाबला करने के लिए मजबूत आर्थिक घटक मौजूद हैं। चालू खाते का घाटा नियंत्रित है। विदेशी मुद्रा भंडार 659 अरब डालर के स्तर पर है। महंगाई दर 3.6 प्रतिशत तक आ गई है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। अर्थव्यवस्था में राजकोषीय अनुशासन है। निजी निवेश बढ़कर 61.49 प्रतिशत हो गया है, जो आर्थिक वृद्धि को गति देगा। बेरोजगारी दर भी घटी है और कंपनियां नई भर्तियों की योजना बना रही हैं। इन सबके साथ-साथ सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर भी वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई दे रही है।हाल में प्रकाशित द राइज आफ मिडिल क्लास इंडिया नामक डाक्यूमेंट के अनुसार भारत में मध्यवर्ग का दायरा तेजी से बढ़कर वर्ष 2021 में लगभग 43 करोड़ हो गया है, जो 2047 तक बढ़कर 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। निश्चित रूप से भारत के मध्यवर्ग की बढ़ती क्रय शक्ति और नई पीढ़ी की आंखों में उपभोग और खुशहाली के सपनों के कारण जहां कई देश भारत से आर्थिक-व्यापारिक संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी-गिरामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। भारत ट्रंप की टैरिफ नीति के असर से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने 26 से 29 मार्च के बीच द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 500 अरब डालर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए वार्ता की है।सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों यानी एफटीए और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। अब जब नार्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की तैयारी है, तब भारत को ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ना होगा।ट्रंप की टैरिफ नीति से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में होने वाली तीन से 3.5 प्रतिशत नुकसान की बहुत कुछ भरपाई खाद्यान्न और कृषि प्रसंस्करण के निर्यात से भी की जा सकेगी। ऐसे मजबूत आर्थिक आधार के बावजूद हमें ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार नीति में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिंसों के दाम और वित्तीय बाजार में अस्थिरता तथा विदेश में व्याप्त आर्थिक निराशावाद के प्रति भी सतर्क रहना होगा।हमें इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि खाद्य कीमतों में तेज गिरावट के कारण नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है, किंतु घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर सरकार को कृषि क्षेत्र में लंबे समय से पसरी हुई चुनौतियों का मुकाबला करना होगा। नई टैरिफ चुनौतियों के बीच भारत का लक्ष्य अनिवार्य रूप से निर्यात का विस्तार पारंपरिक बाजार से बाहर बढ़ाने का होना चाहिए। भारत ऐसे क्षेत्रों में निर्यात की संभावनाएं तलाशे, जहां उसे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल है।यह समय की मांग है कि पारंपरिक साझेदारों से परे व्यापार का विविधीकरण हो। इस क्रम में गैर पारंपरिक बाजार जैसे दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और ओशियानिया में निर्यात की संभावनाएं खोजना महत्वपूर्ण है। निर्यात संभावना वाले उत्पादों को चिह्नित करने और इन उत्पादों को अधिकतम मांग वाले देशों में निर्यात रणनीति को बेहतर बनाने पर जोर देना होगा।याद रहे कि टैरिफ प्रतिस्पर्धा से जुड़े हैं और अगर हम टैरिफ की आड़ में रहेंगे तो प्रतिस्पर्धी नहीं बन पाएंगे। हमें यही उम्मीद करनी चाहिए कि हमारा देश अमेरिका द्वारा लगाए गए 27 प्रतिशत टैरिफ की चुनौती का मुकाबला करने में सफल होगा। बढ़ती घरेलू मांग, नए व्यापार समझौते, रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन, विस्तार करता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और अन्य घरेलू आर्थिक घटक भारत के लिए मजबूत और असरकारक आर्थिक हथियार के रूप में उपयोगी साबित होते हुए दिखाई देंगे।

# क्या एनडीए जेईई से ज्यादा कठिन है?

विजय गर्ग



यह उन छात्रों के बीच एक सामान्य प्रश्न है जो राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के माध्यम से भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने या संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों को आगे बढ़ाने की इच्छा रखते हैं। जबकि दोनों परीक्षाएं अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हैं और कठोर तैयारी की मांग करते हैं, वे पूरी तरह से अलग कौशल सेट और दृष्टिकोण का आकलन करते हैं।जब भारत में इच्छुक छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के महत्वपूर्ण चरण में पहुंचते हैं, तो वे अक्सर प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) परीक्षा या संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के चुनौतीपूर्ण विकल्पों का सामना करते हैं। इन दोनों परीक्षाओं में से कौन सी एक बड़ी चुनौती है, यह बहस चल रही है और बहुआयामी है, पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, प्रतियोगिता के स्तर और चयन प्रक्रियाओं की कठोरता जैसे विभिन्न कारकों पर आकस्मिक है। जबकि दोनों रास्ते महत्वपूर्ण महत्व रखते हैं और सफलता के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करते हैं, उनकी बारीकियों की गहन परीक्षा दोनों के बीच कठिनाई में गहन अंतर को इंगित करती है।1954 में स्थापित एनडीए परीक्षा को भारतीय सशस्त्र बलों में नेतृत्व भूमिकाओं के लिए कैडेट तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया था। यह न केवल भविष्य के सैन्य नेताओं को संवारने में, बल्कि अनुशासन, रणनीति और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा देने में भी एक अनूठा महत्व है। दूसरी ओर, जेईई को भारत में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ दिमाग का चयन करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी परीक्षा के रूप में पेश किया गया था। आईआईटी ने अपने कठोर शैक्षणिक मानकों और अनुसंधान और नवाचार में योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। इन परीक्षाओं का विकास रक्षा और प्रौद्योगिकी दोनों में उत्कृष्टता की भारत की खोज का प्रतीक है, जिससे लाखों छात्र प्रभावित होते हैं और देश के भविष्य को आकार देते हैं।कठिनाई स्तर एनडीए परीक्षा एनडीए परीक्षा को अक्सर मुश्किल माना जाता है, लेकिन जेईई की गहराई और उन्नत अवधारणाओं की चौड़ाई की तुलना में इसकी जटिलता है। जबकि उम्मीदवारों को विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला में ज्ञान प्रदर्शित करना चाहिए, प्रारूप को समयबद्ध परिस्थितियों में जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता के बजाय मुख्य समझ का आकलन करने के लिए डिजाइन किया गया है। कई लोग तर्क दे सकते हैं कि एनडीए चयन प्रक्रिया में शारीरिक मूल्यांकन और मनोवैज्ञानिक आकलन कठिनाई की परतें जोड़ते हैं, फिर भी लिखित परीक्षा स्वयं उतना गहरा नहीं है जितना कि जेईई करता है।जेईई परीक्षा इसके विपरीत, जेईई, विशेष रूप से जेईई एडवांस्ड, विकट चुनौतियां प्रस्तुत करता है। प्रश्न न केवल उच्च स्तर की समझ की मांग करते हैं, बल्कि असाधारण विश्लेषणात्मक क्षमता और समय प्रबंधन की भी आवश्यकता होती है। कई समस्याओं में कई कदम और जटिल समाधान हो सकते हैं, जो उम्मीदवारों को उनकी सीमा तक धकेलते हैं। सांख्यिकीय विश्लेषण बताते हैं कि कई उम्मीदवार इस परीक्षा के लिए उन्नत अवधारणाओं में महारत हासिल करने के लिए वर्षों की तैयारी करते हैं, यह प्रदर्शित करते हुए कि जेईई को अक्सर एनडीए की तुलना में अधिक बौद्धिक रूप से मांग माना जाता है।प्रतियोगिता और चयन अनुपात एनडीए परीक्षा आवेदक पूलः एनडीए परीक्षा के लिए मोटे तौर पर 2.5 लाख छात्र पंजीकरण करते हैं। चयनित उम्मीदवारः लगभग 300-400 उम्मीदवारों को भर्ती किया जाता है, जिससे लगभग 0.15% का चौंका देने वाला चयन अनुपात होता है। यह चुनौतीपूर्ण आँकड़ा इस धारणा को पुष्ट करता है कि एनडीए में सफल होना केवल ज्ञान के बारे में नहीं है बल्कि असाधारण शारीरिक और मानसिक तैयारी के बारे में भी है। जेईई परीक्षा आवेदक पूलः इसके विपरीत, जेईई सालाना के लिए लगभग 15 लाख उम्मीदवार उपस्थित होते हैं। चयनित उम्मीदवारः आईआईटी प्रत्येक वर्ष लगभग 9,000-10,000 छात्रों का चयन करते हैं, जो लगभग 0.71% के चयन प्रतिशत में अनुवाद करते हैं। हालांकि यह एनडीए की दर से थोड़ा अधिक लग सकता है, यह इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा को काफी दशार्ता है। प्रतियोगिता का यह सांख्यिकीय विश्लेषण दोनों परीक्षाओं की अलग-अलग प्रकृति को रेखांकित करता है, जो प्रत्येक में शामिल असाधारण दबाव और दांव को दशार्ता है।तैयारी का समय और दबाव एनडीए परीक्षा आमतौर पर, उम्मीदवार अपनी 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं को पूरा करने के तुरंत बाद एनडीए परीक्षा की तैयारी शुरू कर देते हैं। यह अपेक्षाकृत कम तैयारी का समय है - अक्सर कुछ महीनों में फैले हुए हैं - उम्मीदवारों को महत्वपूर्ण दबाव में रखते हैं। इस अवधि के दौरान ध्यान व्यापक रूप से व्यापक है, जिसमें असंख्य विषयों पर सामान्य ज्ञान शामिल है, जबकि शारीरिक परीक्षणों के लिए भी तैयार है।जेईई परीक्षा जेईई की तैयारी के लिए समय सीमा एक अलग कहानी बताती है। कई छात्र 11 वीं कक्षा में या उससे पहले भी गहन अध्ययन के वर्षों में अपनी तैयारी शुरू करते हैं। यह लंबे समय तक समयरेखा गहरी वैचारिक समझ और व्यापक समस्या को सुलझाने के अभ्यास पर जोर देती है। दबाव बनाता है क्योंकि छात्र अपने भविष्य के शैक्षणिक प्रक्षेपवक्र पर अपने प्रदर्शन के महत्वपूर्ण नतीजों को देखते हुए काफी संसाधनों- वित्तीय और भावनात्मक- कोचिंग, अध्ययन सामग्री और मॉक टेस्ट में निवेश करते हैं।कुल मिलाकर मूल्यांकन जबकि एनडीए और जेईई दोनों परीक्षाएं विकट चुनौतियां पेश करती हैं, उनकी कठोरता का विश्लेषण करने से पता चलता है कि जेईई को अक्सर दोनों के अधिक चुनौतीपूर्ण के रूप में मान्यता दी जाती है।अकादमिक कठोरताः उन्नत भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित पर जेईई का ध्यान अकादमिक अपेक्षा के उच्च मानक को दशार्ता है। जटिलताः छात्र अक्सर जेईई में बहुआयामी समस्याओं का सामना करते हैं जो उन्नत समस्या-समाधान कौशल की मांग करते हैं, जबकि एनडीए परीक्षा, चुनौतीपूर्ण होते हुए, गहराई से समझ के बजाय व्यापक ज्ञान का आकलन करती है। समग्र मूल्यांकनः एनडीए में एक व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल है जो एक उम्मीदवार के व्यक्तित्व और शारीरिक विशेषताओं को संबोधित करती है

# घिबली फिल्म कार्टून के प्रति बढ़ती भारत में दीवानगी

सेंधवाःइसमें कोई संदेह नहीं है कि एआईटेक्नोलॉजी ने एक नईदुनिया से मानव का परिचय कराया है। हर मोड़ पर आश्चर्य अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किए हैं। स्टूडियो घिबली की शैली में चित्र बनाने के लिए एआई का उपयोग करने की एक विचित्र प्रवृत्ति के रूप में शुरूआत जो तेजी से सोशल मीडिया में विकसित हो रहा है। घिबली एक प्रसिद्ध जापानी एनीमेशनस्टूडियों है जो शानदार फिल्मों के लिए प्रसिद्ध है।घिबली शैली में एआई का उपयोग रोमांचक एवं आकर्षण पैदा कर रहा है।आज हम सोशल मीडिया,फेसबुक,स्टेटस पर अपने वास्तविक फोटो की बड़ी-बड़ी भावपूर्ण आंखों वाले किरदार के रूप में कार्टूनएनीमेशन देख रहे हैं।यह कला जापान के प्रसिद्ध एनीमेशन स्टूडियो घिबली का अनूठा अंदाज है जिसका जादू समस्त भारत में सर्वत्र छाया दिखाई दे रहा है। भारत में एनिमेशन का मतलब कार्टून फिल्में या बच्चों के संबंधित फिल्मों से होता है परंतु घिबली फिल्मों की उपलब्धता अब केवल एनीमेशन तक सीमित नहीं है।यह खासकर युवा वर्ग के बीच में अच्छी खासी लोकप्रिय हो रही है। घिबली का असली आकर्षण उसकी दृश्यात्मक सुंदरता, कंप्यूटर जनितग्रैफिक्स, एनीमेशन शैली में नवीनता, ताजगी का एहसास का होना है। घिबली फिल्म, चित्रदृश्य भारतीय समाज में प्रासंगिक है। घिबली वैसे तो कई मायनों में देखा जाए तो सकारात्मक लिए हुए हैं जो एनीमेशन को मनोरंजन के आगे ले जाकर गंभीर चिंतनशील, संवेदनशील बना सकती है। घिबली से हमें जापानी संस्कृति की झलक के अनोखे सौंदर्य दर्शन मिलते हैं। घिबली शैली की नकारात्मक पहलू पर भी विचार करना होगा कि यह हमें वास्तविकता से दूर ले जा रही है। घिबली की खूबसूरत दुनिया में खोकर हम निराशवादी होते जाएंगे क्योंकि जीवन सदैव घिबली जितना कोमल या जादुई नहीं होता है। एक सच्चाई यह भी है कि हम घिबली की सिर्फ एक ही पहलू सुंदरता को पसंद करने तक ही तो सीमित नहीं हो रहे हैं? वास्तव में घिबली फिल्में या दृश्य को गहराई से या गंभीरता से समझने के बजाय अगर सिर्फ फैशनट्रेंड बन कर रह जाए तो इसका असली जादू खो जाएगा। घिबली फिल्म संस्कृति की गहनता को समझना होगा वरन इसके प्रति दीवानगी से हम अपनी भारतीय संस्कृति कला अद्भुत कहानीयों को उपेक्षित करते जाएंगे। घिबली फिल्मों से हम गहराई से कलात्मक भावनात्मक कहानी की ओर आकर्षित हो सकते हैं जिसमें खुशियां आत्मचिंतन भरा हुआ है परंतु हम अपना संतुलन बनाए रखकर अपनी जमीन से जुड़े रहे। यथार्थ एवं वास्तविकता का सामना करें।

घिबली की हवा पूरे वेग से भारत ही नहीं अन्य देशों में भी बह रही है इसका वास्तविक आनंद अवश्य ले परंतु अपनी कला संस्कृति को सदैव अपने साथ लेकर चले। इसकी लोकप्रियता ने तकनीकी चुनौतियों को जन्म दिया है।

यह काम के मूल्य को कम कर रहा है।कॉपीराइट का उल्लंघन हो रहा है। एआई द्वारा उत्पन्न कल्पना शैली घिबली पारंपरिक कला की आत्मा को चुरा लेती है।किसी कलाकृति पर काम करते समय बहुत सारी रचनात्मकता का उपयोग किया जाता है। कलाकृति का मूल रंग, रूप मूल विचार प्रस्तुत किए जाते हैं,घिबली शैली एक क्लिक से कलाकृति बना रही है परंतु घिबली शैली किसी की मूल काम की जगह नहीं ले सकती है, क्योंकि कला का मुख्य उद्देश्य अभिव्यक्ति और संतुष्टि है जो एआई प्रदान नहीं कर सकता।हम यह सकारात्मक पहलू से चिंतन करें की घिबली शैली डिजिटलट्रेंड्स के पीछे भागने के बजाय समय की कसौटी पर खड़ीउतरी घरेलू कलाओं को खोज कर उन पर जश्न मनाए और भारत के समृद्ध कलात्मक परंपरा को जीवित रखें।

# उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में मुसलमानों के मसीहा...वक्फ बिल के खिलाफ खड़े होने पर मुस्लिम संगठनों ने पढ़े कसीदे

- मुस्लिम संगठनों और दलों ने उद्धव ठाकरे की प्रशंसा की
- रजा अकादमी, उलेमा बोर्ड ने उद्धव का आभार जताया
- उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में मुसलमानों के मसीहा हैं : सिद्दीकी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः लोकसभा में वक्फ बोर्ड (संशोधन) विधेयक 2025 के पास होने पर अलग-अलग मुस्लिम संगठनों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रजा अकादमी के प्रमुख अल्हाजी मुहम्मद सईद नूरी, उलेमा बोर्ड और सहित अन्य लोगों ने उन सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विधेयक का विरोध किया है। मुहम्मद सईद नूरी ने उद्धव ठाकरे का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण समय में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया और संभावित नतीजों की परवाह किए बिना सच्चाई का साथ दिया। उद्धव ठाकरे से हुए गदगदऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव अल्लामा बुनई हसनी ने महाराष्ट्र की शिवसेना (ठाकरे) पार्टी के सदस्यों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम उद्धव ठाकरे के आभारी हैं जिन्होंने ऐसे समय में मुसलमानों का समर्थन किया और उनके साथ खड़े रहे तथा अपनी पार्टी के माध्यम से इस विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय उलेमा बोर्ड जल्द ही इस विधेयक के खिलाफ देशव्यापी विरोध अभियान शुरू करेगा।

# हम पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं, अपनी हद में रहें... संजय राउत को नितेश राणे का जवाब

महाराष्ट्र मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे ने हाल ही में बयान दिया कि उनकी पार्टी पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। उन्होंने शिवसेना नेता के दावे का जवाब दिया, जिसमें कहा गया था कि गृह मंत्री अमित शाह भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाना चाहते हैं।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता नितेश राणे ने कहा है कि उनकी पार्टी पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहती है। मत्स्य और बंदरगाह विकास मंत्री राणे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह बयान दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत के उस आरोप का जवाब दिया जिसमें राउत ने कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाना चाहते हैं। राणे ने लिखा, लेकिन हम पाकिस्तान को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं। इसे ध्यान में रखें और अपनी हद में रहें।

मंत्री का यह बयान शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में प्रकाशित राउत के हालिया साप्ताहिक लेख के संदर्भ में माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने और भारत को हिंदू पाकिस्तान बनाने की दिशा में ले जाने का आरोप लगाया था। इससे पहले, राणे ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग की थी। साथ ही, उन्होंने केरल को मिनी पाकिस्तान भी कहा था।

## जब नितेश राणे को भेजा कानूनी नोटिस

बता दें कि पिछले महीने नितेश राणे के एक बयान पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने कानूनी नोटिस भेजी था। यह नोटिस शिवसेना नेता एवं पूर्व सांसद विनायक राउत के वकील असीम सरोदे की तरफ से भेजा गया था। इसमें कहा गया है कि नितेश राणे संविधान के अनुच्छेद 164(3) के अनुसार मंत्री पद की शपथ लेते समय अपने संवैधानिक कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उन्हें निभाना चाहिए। मत्स्य पालन एवं बंदरगाह विकास मंत्री राणे ने 13 फरवरी को सिंधुदुर्ग जिले के कुडाल में बीजेपी की रैली का आयोजन किया था। इस सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में चाहे जिला योजना निधि हो, पार्टी निधि हो या कोई भी सरकारी निधि हो, वह केवल महायुति के कार्यकताओं को ही मिलेगी, किसी और को नहीं। राणे ने यह भी कहा कि मैं आपको पहले ही बता रहा हूं कि मैं उन गांवों को एक भी रुपया नहीं दूंगा जहां सरपंच या उद्धव बालसाहेब ठाकरे और महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारी हैं।

## फास्ट ट्रैक

### मध्य रेल पर दिनांक 06.04.2025 (रविवार) को मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 06.04.2025 (रविवार) को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक परिचालित करेगाः

माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक *सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.52 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर मुलुंड स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।

सुबह 11.07 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक ठाणे से रवाना होने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला और सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी।

ठाणे और वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच अप और डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक ब्लॉक अवधि के दौरान वाशी/नेरुल और ठाणे स्टेशनों के बीच अप और डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

सुबह 10.35 बजे से शाम 4.07 बजे तक ठाणे से वाशी/नेरुल/पनवेल के लिए छूटने वाली डाउन लाइन सेवाएं और सुबह 10.25 बजे से शाम 4.09 बजे तक ठाणे से पनवेल/नेरुल/वाशी के लिए छूटने वाली अप लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इससे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

# जन शिकायत निवारण निष्पादन में भारतीय रेल के सभी जोनों में पश्चिम रेलवे अव्वल

## पिछले पांच वर्षों से शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (GREI) में पश्चिम रेलवे पूरे भारतीय रेल में पहले स्थान पर

- 40% की स्पष्ट कमी के साथ रेल मदद शिकायतों में पश्चिम रेलवे की हिस्सेदारी अप्रैल, 2024 में 8.29% से घटकर फरवरी, 2025 में 4.97% हुई
- पश्चिम रेलवे का औसत निपटान/लंबित समय भारतीय रेल में सबसे कम में से एक, साथ ही उत्कृष्ट फीडबैक भारतीय रेल में सर्वाधिक में से एक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे ने एक बार फिर अपने सम्माननीय ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान करने में अपनी योग्यता साबित की है तथा जन शिकायत निवारण के मामले में भारतीय रेल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यात्री रेल मदद ऐप के अंतर्गत उपलब्ध निम्नलिखित माध्यमों, जैसे आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल, हेल्पलाइन नंबर 139, केंद्रीकृत जन शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (CPGRAMS), मोबाइल ऐप, वेब, एसएमएस, ई-मेल आदि से अपनी शिकायतें दर्ज/पंजीकृत कर सकते हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे द्वारा शिकायतों के निपटान को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। ये शिकायतें रेल मदद ऐप के विभिन्न जन शिकायत प्लेटफॉर्मों पर दैनिक आधार पर प्राप्त होती हैं तथा वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर इनकी बारीकी से निगरानी की जाती है।

इन निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप पश्चिम रेलवे तीव्र गति से शिकायतों का निवारण करने में सक्षम रही है और इससे पश्चिम रेलवे को वर्ष 2023-24 के लिए शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (GREI) 0.96 के स्कोर के साथ सभी जोनल रेलवे के बीच शीर्ष स्थान हासिल हुआ है। श्री विनीत ने आगे बताया कि शिकायत निवारण दक्षता सूचकांक (GREI) के संबंध में पश्चिम रेलवे पिछले पांच वर्षों से भारतीय रेल में नंबर एक स्थान पर रही है। भारतीय रेल पर रेल मदद शिकायतों में पश्चिम रेलवे की हिस्सेदारी फरवरी 2025 तक 4.97% थी जबकि अप्रैल 2024 में यह 8.29% थी, जो कि 40% की भारी कमी दशार्ती है।

यद्यपि पश्चिम रेलवे का भौगोलिक क्षेत्र उन यात्रियों को शामिल करता है जो अधिक जागरूक और अपेक्षा रखने वाले हैं, फिर भी इस क्षेत्र में प्रति मिलियन यात्रियों पर सबसे कम शिकायतें हैं। अप्रैल 2024 में प्रति मिलियन यात्रियों पर शिकायतें 36% की कमी के साथ 219 से घटकर फरवरी 2025 में 141 हो गई है। पिछले 5 वर्षों के दौरान पश्चिम रेलवे का GREI स्कोर वर्ष 2022-23, 2021-22, 2020-21, 2019-20, 2018-19 में क्रमशः 0.95, 0.92, 0.99, 0.73 और 0.90 रहा।

पश्चिम रेलवे का औसत निपटान/लंबित समय भी भारतीय रेल में सबसे कम रहा है साथ ही उत्कृष्ट फीडबैक प्राप्त करने में भी भारतीय रेल में सर्वाधिक में से एक रही है। श्री विनीत ने बताया कि पश्चिम रेलवे ने सभी छह मंडलों में रेल मदद सेवा के लिए एक वॉर रूम स्थापित किया है, जो वास्तविक समय के आधार पर यात्रियों की शिकायतों या मुद्दों की निगरानी और रेस्पॉन्स देता है। पश्चिम रेलवे वर्ष 2023 में 1170 मिलियन से अधिक यात्रियों से प्राप्त लगभग 47120 शिकायतों का निवारण किया, जो पश्चिम रेलवे द्वारा वहन किए गए कुल यात्रियों का सिर्फ 0.0040% है। वर्ष 2024 में लगभग 1247 मिलियन यात्रियों और 41680 शिकायतों का निवारण करते हुए ये शिकायतें वहन किए गए कुल यात्रियों का 0.0033% तक रह गई हैं। पश्चिम रेलवे पर प्राप्त समस्याओं और शिकायतों के आधार पर स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित जांच और निरीक्षण किए जाते हैं। यात्री सुविधाओं, स्टेशनों की सफाई, स्टेशनों/ट्रेनों में शौचालयों की सफाई, खानपान और वेंडिंग सेवाएं, स्टेशनों पर शिकायत निवारण की तत्परता, आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत यात्रियों का प्रवेश, ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सेवा (OBHS) कर्मचारियों की तत्परता आदि से संबंधित मुद्दों के संबंध में विभिन्न अभियान चलाए गए।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन समर स्पेशल ट्रेनें

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. ट्रेन संख्या 09183/09184 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक एसी स्पेशल [24 फेरे]:

ट्रेन संख्या 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी एसी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 22.50 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10.30 बजे वाराणसी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रैल से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09184 वाराणसी-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को वाराणसी से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 04.20 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोंगांव, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई जं. और भदोही स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, एसी 3-टियर (इकोनॉमी) और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।



2. ट्रेन संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनस - बढ़नी साप्ताहिक स्पेशल [24 फेरे]:

ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बढ़नी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 00.05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 08.00 बजे बढ़नी पहुंचेगी। यह ट्रेन 13 अप्रैल से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 बढ़नी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को बढ़नी से 13.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.50 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 14 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, दहानू रोड, वापी, वलसाड, सूरत, सायण, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी जं. और गोंडा जं. स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09195/09196 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल [26 फेरे]:

ट्रेन संख्या 09195 वडोदरा-मऊ सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक सोमवार को 19.00 बजे वडोदरा से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20.45 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 अप्रैल, 2025 से 30 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09196 मऊ-वडोदरा सुपरफास्ट स्पेशल मऊ से प्रत्येक मंगलवार को 23.45 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को 00.45 बजे वडोदरा पहुंचेगी। यह ट्रेन 8 अप्रैल, 2025 से 1 जुलाई, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में दाहोद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा जं., टूंडला, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, बनारस और औंड़िहार स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09195 का गोधरा स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09183 एवं 09195 की बुकिंग 06 अप्रैल, 2025 से तथा ट्रेन संख्या 09043 की बुकिंग 08 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# सम्मेलन सम्मान से विभूषित किए गये युवा साहित्यकार डॉ. शिवम तिवारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



साहित्यकार डॉ. शिवम तिवारी को 23 मार्च 2025 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय, आणंद (गुजरात) के एम पी पटेल सभागार में आयोजित वर्ष 1910 में स्थापित राष्ट्र की सर्वाधिक प्राचीन साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के 76 वें भव्य अधिवेशन में राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निरंजन भाई पटेल, हिंदी साहित्य सम्मेलन के सभापति एवं देश के शीर्षस्थ साहित्य मनीषी प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित एवं प्रधानमंत्री कुंतक मिश्र के कर कमलों से अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर गौरवपूर्ण सम्मेलन सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो.अभिराज राजेंद्र मिश्र एवं चौधरी चरण सिंह, मेरठ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री प्रो.रविन्द्र कुमार की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंतू, प्रतापगढ़ (उ.प्र.) के निवासी, 05 पुस्तकों के लेखक एवं 20 पुस्तकों के संपादक, ख्याति लब्ध साहित्यकार, परा प्रतिभा के धनी, 15 वर्ष से केंद्र सरकार में पदस्थ तथा महज 33 वर्ष की उम्र में अनेकशः उपलब्धियों को अपने नाम कर चुके डॉ. तिवारी वर्तमान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ (चंडीगढ़) में शोधरत हैं तथा युवा चेतना अभियान के नेतृत्वकर्ता हैं। सम्मान समारोह में गुजरात साहित्य अकादमी के महामंत्री डॉ. जयेंद्र सिंह जादव, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के कार्यवाहक सभापति डॉ. विभूति मिश्र, डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. कल्पना गवली, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप मेहरा, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एच एन दुबे, साहित्यकार मनोज चंद तिवारी, पवित्र तिवारी, दुर्गा नंद शर्मा, अंजनी पटेल आदि विद्वान उपस्थित रहे।

# पश्चिम रेलवे पर रविवार, 06 अप्रैल, 2025 को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

## बोरीवली एवं राम मंदिर स्टेशनों के बीच पश्चिम रेलवे का रात्रिकालीन ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा 05/06 अप्रैल, 2025 (शनिवार/रविवार) के बीच की मध्यरात्रि को बोरीवली और राम मंदिर स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन एवं डाउन फास्ट लाइन पर 00.15 बजे से 04:15 बजे तक 04.00 घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान बोरीवली और अंधेरी के बीच अप स्लो लाइन की ट्रेनें अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इसलिए, ये ट्रेनें प्लेटफॉर्म की अनुपलब्धता के कारण राम मंदिर स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। ब्लॉक के कारण, कुछ अप एवं डाउन ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों

# वैध धार्मिक प्रथाएं काला जादू कानून नहीं... गुजरात के धर्मगुरु पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने नहीं बदला फैसला

- बॉम्बे हाईकोर्ट की धार्मिक प्रथाओं पर बड़ी टिप्पणी
- वैध धार्मिक प्रथाएं काल जादू कानून के दंडनीय नहीं
- हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को सही माना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने ने एक स्वयंभू धर्मगुरु को आपराधिक मामले से मुक्त करने के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि महाराष्ट्र के काला जादू अधिनियम का उद्देश्य हानिकारक प्रथाओं पर अंकुश लगाना है, लेकिन यह वैध धार्मिक प्रथाओं पर रोक नहीं लगाता। अपने उपदेशों के माध्यम से काले जादू को बढ़ावा देने के आरोपी गुजरात के रमेश मोदक उर्फ शिवकृपानंद स्वामी को निचली अदालत ने बरी कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इस फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट की यह टिप्पणी इसलिए अहम है क्योंकि गुजरात सरकार ने महाराष्ट्र की तरह की राज्य में एक अंधश्रद्धा और ढोंगी बाबाओं पर शिकंजा कसने के लिए कानून पास किया है। महाराष्ट्र में यह कानून पहले से है। कोर्ट ने बरकरार रखा फैसलान्यायमूर्ति आर. एन. लड्ढा ने दो अप्रैल को निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद यह आदेश पारित किया गया था। हाईकोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र मानव बलि एवं अन्य अमानवीय, दुष्ट एवं अघोरी प्रथाओं और काला जादू निवारण एवं उन्मूलन अधिनियम, 2013 का उद्देश्य हानिकारक प्रथाओं पर अंकुश लगाना है

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक द्वारा भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया

## भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों के अधोसरंचना निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। कोटा मंडल में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने भरतपुर-कोटा रेलखण्ड का संरक्षा निरीक्षण किया साथ ही उक्त खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निमार्णाधीन भरतपुर, हिंडौन सिटी व सवाई माधोपुर स्टेशनों की प्रगति का भी निरीक्षण किया। जीएम ने निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल में कुल 17 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमे भरतपुर 31.14 करोड़, हिंडौन सिटी 19.30 करोड़ एवं सवाई माधोपुर 43.2 करोड़ की लागत से किया जा रहा है इन स्टेशनों पर कार्य एडवांस स्टेज पर है। महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने डीआरएम श्री अनिल कालरा एवं संबंधित अधिकारियों के साथ भरतपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही निमार्णाधीन स्टेशन का निर्धारित मॉडल एवं ले-आउट प्लान के अनुसार किए जा रहे कार्य की भी जानकारी ली। भरतपुर स्टेशन पर





नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय एवं टिकट बुकिंग कार्यालय का निरीक्षण किया। भरतपुर स्टेशन पर ट्रेन संचालन से जुड़े रूट रिले इंटरलाकिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात जीएम ने हिंडौन सिटी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया साथ ही स्टेशन यार्ड के प्वांट्स व क्रासिंग के संरक्षा मानकों का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में पौधारोपण किया और इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैकमेंटेनर कर्मचारियों से संवाद किया। अंत में जीएम ने सवाई माधोपुर स्टेशन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही निर्धारित मानकों के साथ समय पर गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही माधोपुर में स्टेशन परिसर एवं लोको पायलट एवं गार्ड रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ को प्रदत सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर महाप्रबंधक को ज्ञापन दिए। जिस पर विचार करने का जीएम द्वारा आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक मीडिया कर्मियों से भी रु-ब-रु हुई। महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री अनिल कालरा सहित प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य विधुत इंजीनियर श्री मुकेश एवं मंडल के संबंधित विभागों के शाखा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# रेलवे मुंबई-मडगांव/कानपुर, पुणे-झांसी और कलबुरगि-बेंगलुरु के बीच 98 अतिरिक्त साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें चलाएगा, जिसमें मुंबई-संकरेल के बीच 6 अनारक्षित विशेष ट्रेन सेवा भी शामिल हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल ने अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है

मध्य रेल ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 1058 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 98 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा।

रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई-मडगांव/कानपुर, पुणे-झांसी और कलबुरगि-बेंगलुरु के बीच 98 अतिरिक्त साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें मुंबई-संकरेल के बीच 6 अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं।

विवरण इस प्रकार हैः

1.एलटीटी-मडगांव-एलटीटी साप्ताहिक विशेष (10 सेवा)

01103 साप्ताहिक विशेष दिनांक 07. 04.2025 से 05.05.2025 तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार को 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। (5 सेवाएं)

01104 साप्ताहिक विशेष 06.04.2025 से 04.05.2025 तक प्रत्येक रविवार को 16.30 बजे मडगांव से रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। (5 सेवाएं)

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिविम।

संरचनाः एक वातानुकूलित 2-टियर, तीन वातानुकूलित 3-टियर, दो वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

2.एलटीटी- कानपुर-एलटीटी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा) 04152 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक प्रत्येक शनिवार को 17.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 15.45 बजे कानपुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

04151 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 11. 04.2025 से 27.06.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 15.25 बजे कानपुर से रवाना होगी और अगले दिन 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (12 सेवाएँ) ठहरावः इगतपुरी, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज, भरवारी, सिराथू और फतेहपुर

संरचनाः एक वातानुकूलित-2-टियर, पाँच वातानुकूलित 3-टियर, 4 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन।

3.पुणे-झांसी-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा)

01921 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष दिनांक 10.04.2025 से 26.06.2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 15.15 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 10.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी।

पश्चिम रेलवे
वार्षिक रखरखाव सेवा अनुबंध
सीनियर डीईई/पी/बीसीटी निविदा सूचना संख्या ईएल–मेंटेन–4–334–डब्ल्यूए–20 दिनांक 12/03/2025 आमंत्रित करता है; कार्य और स्थानः मुंबई डिवीजन गैर–उपनगरीय खंडः वैतरणा से पालधी के बीच 2 वर्षों के लिए 2 टीआर क्षमता के सटीक एयर कंडीशनर का व्यापक वार्षिक सेवा रखरखाव अनुबंध; कार्य की अनुमानित लागतः 10,51,028.00; ईएमडीः 21,000/–; जमा करने की तिथि और समयः 07/04/2025,को 15:00 बजे तक; खुलने की तिथि और समयः 07/04/2025 को 15:30 बजे; अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं 1185
हमें लाइक करेंःfacebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
मरम्मत, अंशांकन और सहायक उपकरणों का प्रावधान
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008. ई-निविदा सूचना क्रमांकः WR-MMCTOESUB (ESPT)- 2-2025 आमंत्रित करता है। कार्य का नामः मुंबई उपनगरीय खंड के चर्चगेट-विरार के बीच 25kV AC और 22/2.2kV PSI प्रणाली में विभिन्न माप उपकरणों के सहायक उपकरणों की मरम्मत, अंशांकन और प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु.26,92,680/-। बोली सुरक्षाः रु.53,900/-। जमा करने की **तिथि और समयः**निर्धारित तरीके से 30.04.2025 को 15:00 बजे से पहले नहीं। **खोलने की तिथि और समयः** 30.04.2025 को 15:30 बजे। वेबसाइट विवरणः निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जासकता है।
0006
facebook.com/WesternRly

# 7 स्वास्थ्य सहायकों को आरोग्य सेवक के रूप में पदोन्नति



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आरोग्य सेवक (पुरुष) के पद पर 7 कर्मचारियों को मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने आरोग्य सहायक (पुरुष) के पद पर पदोन्नत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने जिला परिषद मुख्यालय सभागार में पदोन्नति आदेश देते हुए कर्मचारियों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वास्थ्य सहायक पुरुष संवर्ग की वरिष्ठता सूची के अनुसार 07 स्वास्थ्य सहायकों को स्वास्थ्य सहायक पुरुष के रिक्त पदों पर पदोन्नत किया गया है। स्वास्थ्य सहायकों में दो दिव्यांग कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गयी है।इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एस.पी.) अविनाश फड़तरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, सहायक प्रशासन अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोहर देवरे ने सभी व्यवस्थाओं को धन्यवाद दिया।

# मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने विद्युत शवदाहिनी की मांग को स्वीकारते हुए बजट में 1 करोड़ का प्रावधान किया

## अन्याय विरोधी संघर्ष समिति ने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले का धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अन्याय विरोधी संघर्ष समिति की ओर से लंबे समय से की जा रही विद्युत शव दाहिनी की मांग को स्वीकार करते हुए विद्युत शवदाहिनी के लिए बजट में 1करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत है। अन्याय विरोधी संघर्ष समिति के महासचिव रामेश्वर गवई ने इस मांग को स्वीकृत करने और इसके लिए 1करोड़ रुपए आवंटित करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले एवं लेखाधिकारी किरण भिलारे को धन्यवाद ज्ञापित किया है। ज्ञात है कि उल्हासनगर मनपा क्षेत्र में कुल 4 श्मशान गृह है। खेमानी डिवीजन उल्हासनगर क्रमांक-1, शांति नगर डिवीजन उल्हासनगर क्रमांक-3, वीनस चौक उल्हासनगर क्रमांक-4 और शिवमंदिर रोड उल्हासनगर क्रमांक-5 में शवदाह गृह हैं लेकिन इनमें से किसी भी श्मशान गृह में एक भी विद्युत शवदाहिनी या इलेक्ट्रिक शवदाह गृह नहीं है। उल्हासनगर जैसे एक बड़े शहर जिसकी जनसंख्या 7 लाख के करीब है उसमें ऐसा होना एक सोचनीय विषय था।अन्याय विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष पूर्व नगरसेवक एवं वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मालवंकर इस ओर काफी लंबे समय से संघर्षरत थे। उन्होंने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले से इस पर कार्य करने के लिए विशेष मांग की थी। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस महत्वपूर्ण मांग पर कार्यवाही करते हुए बजट में एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।इस मांग के पूर्ण होने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। इससे गरीब लोगों को लकड़ी के मंहगे खर्चे से राहत मिलेगी।लकड़ी का इस्तेमाल न होने से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अन्याय विरोधी संघर्ष समिति ने मनपा आयुक्त का धन्यवाद ज्ञापित किया है।




फास्ट ट्रैक

# सरकारी अस्पताल में नर्स की शर्मनाक करतूत

## डिलीवरी के बाद मरीज से पैसे मांगे, बोली-पूरा मेहनताना लूंगी, यहां बनिया गीरी न दिखाओ

शाहजहांपुर, सिंधौली सीएचसी में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नर्स द्वारा मरीज से पैसे मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में नर्स एक महिला मरीज की डिलीवरी के बाद उससे मेहनताना मांग रही है। मरीज के तीमारदार ने जब 500 रुपये दिए तो नर्स नाराज हो गई। उसने कहा कि जितनी मेहनत की है, उतना मेहनताना चाहिए। नर्स ने मरीज को धमकाते हुए कहा कि अगर वह उन्हें ऐसे ही भेज देती तो बच्चा भी हाथ से चला जाता और मरीज को भी कुछ हो सकता था। उसने मरीज पर बनिया गीरी करने का आरोप भी लगाया। जब मरीज ने पैसे नहीं होने की बात कही तो नर्स ने कहा कि बारात करने के लिए पैसे हैं, लेकिन इलाज के लिए नहीं। उसने यह भी कहा कि अगर पैसे नहीं हैं तो बच्चे पैदा करना बंद कर दें। एडिशनल सीएमओ पीपी श्रीवास्तव ने कहा है कि वे कार्यालय खुलने के बाद वीडियो की जांच करेंगे। वीडियो की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। दो मिनट बीस सेकंड के इस वीडियो ने स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।




# म्यूजिक बजाने पर ई-रिक्शों पर कार्रवाई

## शाहजहांपुर में तीन दिन में 80 वाहन सीज, 150 का चालान; नाबालिग चालकों पर विशेष नजर

शाहजहांपुर, आरटीओ विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने अवैध ई-रिक्शों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।अधिकारियों ने 20 ई-रिक्शों का चालान किया। साथ ही 17 ई-रिक्शों और 5 ईको डग्गामार वाहनों को सीज कर दिया। क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार, एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय और प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। टीम ने बरेली मोड़ चौराहे, रोडवेज बस स्टैंड और राजघाट पुल पर विशेष अभियान चलाया। सभी जब्त वाहनों को पुलिस लाइन में खड़ा किया गया है। एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने बताया कि पिछले तीन दिनों में कुल 80 ई-रिक्शों को सीज किया गया है। इस दौरान 150 वाहनों का चालान भी किया गया। म्यूजिक बजाकर चलाए जा रहे तीन ई-रिक्शों पर भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना डीएल, बिना रजिस्ट्रेशन और नाबालिग चालकों द्वारा चलाए जा रहे सभी ई-रिक्शों को सीज किया जाएगा। उन्होंने जनता से अपनी सुरक्षा के लिए इस अभियान में सहयोग की अपील की है।



# कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद ने संपत्ति कर के रूप में 70 करोड़ रुपए वसूल किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद ने मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड के नेतृत्व और कुशल दिशानिर्देशन में संपत्ति कर के रूप में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 70.13 (90 प्रतिशत) करोड़ रुपए वसूल कर उल्लेखनीय कार्य किया है। विगत वर्ष की तुलना में संपत्ति कर के वसूली में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद में कुल 1 लाख 36 हजार 678 संपत्ति मालिक हैं। जिनमें से 1 लाख 21 हजार 671 संपत्तियां आवासीय, 14 हजार 365 संपत्तियां वाणिज्यिक और 642 संपत्तियां औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित हैं। नगर परिषद के आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल संपत्ति कर के रूप में मांग राशि 77.34 करोड़ रुपये थी जिसमें से नगर परिषद ने 31 मार्च 2025 के अंत तक 70.13 करोड़ रुपये की राशि संपत्ति कर के रूप में वसूल कर ली है। इस राशि में से 16.45 करोड़ की राशि ऑनलाइन माध्यम से जमा हुई है। अगर वित्तीय वर्ष 2023-24 से तुलना की जाए तो नगर परिषद ने 2024-25 में 25.13 करोड़ रुपए अतिरिक्त वसूल किए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व 2% बढ़ा भी है।

मुख्याधिकारी मारुति गायकवाड ने संपत्ति कर वसूली के लिए शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य रखा था। वसूली के लिए आठ विशेष टीमों का गठन किया गया था जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों को रखा गया था। बड़े बड़े बकाएदारों के नाम नोटिस बोर्डों और होर्डिंग्स के रूप में भी लगाए गए थे। विशेष रूप से गठित टीमों ने कुल 111 संपत्तियां जब्त भी की थी। मारुति गायकवाड ने सभी संपत्ति धारकों से अपील की है कि समय पर संपत्ति कर जमा करके शासन की दंडात्मक कार्यवाही से बचे और शहर के विकास में सहयोग दें।




# उल्हासनगर में युवती ने सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी कर मानसिक उत्पीड़न करने का मामला दर्ज कराया

## दोनों बहनों ने पुलिस प्रशासन में शिकायत दर्ज की।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर. महिलाओं और बेटियों के प्रति शारीरिक शोषण,मानसिक शोषण और लिंगभेद की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं और बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ वाले इस आधुनिक युग में भी बेटियां कितनी असुरक्षित है इसका एक ज्वलंत उदाहरण उल्हासनगर में सामने आया है। उल्हासनगर क्रमांक 1 में रहने वाली कु.पूनम राजू वाघरी ने पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 में अपनी बहन के ससुरलजनों के ऊपर उसकी बहन और स्वयं उसको मानसिक शोषण और सोशल मीडिया पर बदनाम करने की शिकायत दर्ज करते हुए न्याय की मांग की है। पीड़िता कु.पूनम राजू वाघरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उसकी बड़ी बहन के ससुराल वाले झंझवाडिया परिवार के खिलाफ हमने घरेलू हिंसा का केस दर्ज किया है जिसका बदला लेने के लिए वो लोग मेरी बड़ी बहन के साथ ही मेरी और मेरे परिवार वालों की सोशल मीडिया पर अश्लील और निरर्थक टिप्पणी करके बदनामी कर रहे है। मेरी शादी के लिए जो रिश्ते आते है उन्हें भी दिग्भ्रमित करके तुड़वा देते है। मेरी शादी की तारीख फिक्स होने के बाद भी उन्होंने शादी तुड़वा दी। इस तरीके से मानसिक उत्पीड़न करने से में इतनी तंग आ चुकी हूं कि आत्महत्या करने का मन करने लगा है। समाज और शहर में हमारी बदनामी करने से हमारा जीना मुश्किल हो गया है। इसलिए प्रार्थी ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए फरियाद की है कि झंझवाडिया परिवार के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करके भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के अनुसार अपराध दर्ज किया जाए। हमे न्याय दिलाकर झंझवाडिया परिवार के प्रति कानूनी कार्यवाही कर उन्हें सजा दी जाए ऐसा करके हमारी और हमारे परिवार की प्रतिष्ठा को लौटाया जाए। ऐसी फरियाद कु.पूनम राजू वाघरी ने पुलिस प्रशासन को अर्जी देते हुए की है।




# डीएम ने रोली टीका लगाकर बच्चों का किया स्वागत

दो स्कूलों में टीवी लगाने के दिए निर्देश, बोले- डिजिटल माध्यम से होगी पढ़ाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूल चलो अभियान के तहत दो विद्यालयों का दौरा किया। उन्होंने बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया और नए सत्र के लिए फॉर्म व पुस्तकें वितरित कीं। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय जमालपुर और पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसंडा में दो-दो टीवी लगाने के निर्देश दिए। इससे बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान में गांव-गांव जाकर बच्चों का शत-प्रतिशत एडमिशन कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्कूलों में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं देने का आश्वासन दिया। प्राथमिक विद्यालय जमालपुर में उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण किया। कक्षाओं में टाइल्स लगाने, खिड़कियों में जाली लगाने और रंगाई-पुताई का काम एक महीने में पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए। अध्यापकों को बच्चों के नाम से वृक्षारोपण कराने और समय-समय पर उन्हें पेड़ों की देखभाल सिखाने को कहा। उन्होंने कक्षा 8 के मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न और उपहार देकर सम्मानित भी किया।



# नवरात्रि में भक्तों की सेवा का अनूठा प्रयास

## मिर्जापुर के काली मंदिर पर विवेकानंद सेवा संस्थान ने किया प्रसाद वितरण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, नवरात्रि मेले के दौरान स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान ने भक्तों की सेवा का बीड़ा उठाया है। संस्थान ने नारघाट स्थित काली मंदिर पर भक्तों को प्रसाद वितरण किया। एसएन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेश सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र पांडेय ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। प्रबंधक निलेश कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में देर रात तक प्रसाद वितरण का कार्य चलता रहा। माँ के पूजन-अर्चन के बाद भोग का वितरण किया गया। कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, पवन बरनवाल, डॉ विष्णु, विमलेश श्रीवास्तव, रामबाबू जायसवाल, पप्पू लाल अभिनव, पवन कसेरा, राज गुप्ता, संजय सिंह, अभिलेख सिंह, हर्ष बरनवाल, रमेश निषाद, सुमित निषाद और संजय गुप्ता ने भक्तों की सेवा में योगदान दिया।




# विंध्याचल धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## नवरात्र के सातवें दिन कालरात्रि की पूजा, मां काली का भक्तों को आशीर्वाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, विंध्याचल धाम में नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जा रही है। विंध्य पर्वत स्थित कालीखोह में विराजमान मां कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत विलक्षण है। उनका वर्ण काला है और बाल बिखरे हुए हैं। उनके कंठ में विद्युत की चमक वाली माला है। मां के तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल और गोल हैं। इनसे बिजली जैसी किरणें निकलती हैं। उनकी श्वास से अग्नि की ज्वालाएं निकलती हैं। यह भय उत्पन्न करने वाला स्वरूप केवल पापियों के विनाश के लिए है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। इसलिए उन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। विंध्य पर्वत पर त्रिकोण पथ पर स्थित मां काली भक्तों को अभय प्रदान करती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मधु-कैटभ नामक असुरों से रक्षा के लिए भगवान विष्णु को जगाने के लिए ब्रह्माजी ने मां की स्तुति की थी। मां कालरात्रि को महामाया और भगवान विष्णु की योगनिद्रा भी कहा जाता है। नवरात्र का सातवां दिन तांत्रिक साधना के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन तंत्र साधक मध्यरात्रि में विशेष विधि-विधान से मां की पूजा करते हैं। मां के दर्शन और पूजन से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



# नेशनल हाइवे पर सीएनजी सिलेंडर से गैस लीक

## ड्राइवर की सूझबूझ से टला हादसा, एक्सपर्ट टीम ने सिलेंडर किया ठीक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक बड़ा हादसा टल गया। बरेली मोड़ से मीरगंज जा रहे ट्रक में लदे सीएनजी सिलेंडर से गैस रिसाव शुरू हो गया। चालक रविंद्र कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत ट्रक को नेशनल हाइवे 24 के किनारे रोक दिया। घटना तिलहर थाना क्षेत्र के बंथरा के पास हुई। चालक ने ट्रक से सुरक्षित बाहर निकलकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एहतियातन यातायात रोक दिया और एक्सपर्ट टीम को बुलाया। एक्सपर्ट टीम ने मौके पर पहुंचकर लीक हो रहे सिलेंडर की मरम्मत की। पुलिस ने सभी सिलेंडरों की गिनती की और सुनिश्चित किया कि अब कोई खतरा नहीं है। इसके बाद ट्रक को आगे जाने की अनुमति दी गई। कुछ समय के लिए बाधित हुआ यातायात फिर से सामान्य हो गया।



# खनन अधिकारी और एडीजे के आवास में लगी आग

## शाहजहांपुर डीएम कार्यालय परिसर में हादसा, एचटी गिरने से बिजली उपकरण जले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, डीएम कंपाउंड में बीती रात एक बड़ा हादसा हुआ। हाईटेंशन लाइन टूटकर खनन अधिकारी और एडीजे के आवास में गिर गई। इससे दोनों आवासों में आग लग गई। सदर बाजार स्थित डीएम कंपाउंड में जिला खनन अधिकारी अभिषेक पटेल निचली मंजिल पर रहते हैं।

ऊपरी मंजिल पर एडीजे कृष्ण लीला यादव का आवास है। रात में अचानक हाईटेंशन लाइन टूटकर आवास के बिजली के तारों पर गिर गई। इससे शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट से खनन अधिकारी के आवास में लगे बिजली मीटर, बोर्ड और इन्वर्टर में आग लग गई। धुएं को देखकर लोगों ने तुरंत सदर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दमकल विभाग को खबर की। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। जांच में आवास के बाहर टूटी हुई बिजली की तारें मिलीं। इससे पुष्टि हुई कि हाईटेंशन लाइन टूटने से ही आग लगी थी। खनन अधिकारी अभिषेक पटेल ने बताया कि बड़ी राहत रही कि आग आवास के अंदर नहीं फैली। हालांकि बिजली का मीटर और अन्य उपकरण जल गए।



# गांजा ठेके के कर्मचारी ने कम सैलरी का निकाला तोड़



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक गांजा ठेके के कर्मचारी को अवैध रूप से गांजे की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है। आरोपी तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला हिंदू पट्टी का रहने वाला है। रोजा थाना प्रभारी राजीव रंजन को मुखबिर से सूचना मिली थी। पुलिस ने पैतापुर रोड पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपी रोजा अड्डे पर स्थित सरकारी गांजा के ठेके पर सेल्समैन की नौकरी करता था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि ठेके पर मिलने वाली सैलरी से घर का खर्च नहीं चल पा रहा था। इसलिए उसने गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचना शुरू कर दिया। इससे उसे अच्छी आमदनी हो जाती थी। आरोपी ने यह भी बताया कि शराब ठेके के मालिक को भी उसकी इस अवैध गतिविधि की जानकारी थी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# चीन ने भी अमेरिका पर 34% जबावी टैरिफ लगाया

## कहा- ट्रम्प ने ट्रेड नियमों का उल्लंघन किया, ये हम पर दबाव बनाने की कोशिश

एजेंसी

वॉशिंगटन, चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। इससे दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है। चीन सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। यह साफ तौर पर एकतरफा दबाव डालने की कोशिश है। जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अब तक चीन से आने वाले सभी इंपोर्ट्स पर दो बार 10% अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिका में चीन से अवैध रूप से आने वाले फेंटेनाइल को रोकने के लिए जरूरी था। इसका मतलब यह है कि अब अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर प्रभावी रूप से कुल 54% टैरिफ लागू हो गया है। शुक्रवार को जवाबी टैरिफ का ऐलान करने के साथ चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को उन कंपनियों की लिस्ट में डाल दिया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इनमें ड्रोन बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इसके अलावा 16 अमेरिकी कंपनियों पर एक्सपोर्ट नियम लागू किए गए हैं, जिससे वे चीनी के दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात न कर सकें। इससे पहले कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन के ऊपर लगाए 20% टैरिफ को वापस लेना होगा। ट्रम्प के जैसे को तैसा टैरिफ की घोषणा के बाद भारत की ओर से पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया आई है। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वह 26% टैरिफ के प्रभाव का आकलन कर रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि इस टैरिफ का कुछ क्षेत्रों पर असर होगा, लेकिन भारत की इकोनॉमी इसे झेल सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प प्रशासन में ऐसे प्रावधान हैं कि अगर भारत अमेरिका की चिंताओं को दूर करता है, तो टैरिफ में कुछ छूट मिल सकती है। भारत इस दिशा में कदम उठाने पर विचार कर रहा है। चीनः वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का यह एकतरफा और धमकाने वाला कदम है। उन्हें तुरंत अपने एकतरफा टैरिफ को रद्द करना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता तो चीन भी जवाबी कदम उठाएगा। यूरोपीय संघ (ईयू): ईयू की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन ने कहा कि ट्रम्प का कदम वर्ल्ड इकोनॉमी के लिए बड़ा झटका है। इससे अनिश्चितता बढ़ेगी और ग्लोब्लाइजेशन का मकसद कमजोर होगा। कनाडाः पीएम कार्नी ने कहा कि हम अपने मजदूरों की रक्षा करेंगे और ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ का जवाब देंगे। ब्राजीलः संसद ने सर्वसम्मति से एक पारस्परिकता विधेयक पारित किया, जिससे सरकार को जवाबी टैरिफ लगाने का अधिकार मिल गया है। ब्राजील सरकार ने टैरिफ के मुद्दे को डब्ल्यूटीओ में लेकर जाने की बात कही है। ऑस्ट्रेलियाः ऑस्ट्रेलिया ने टैरिफ को ₹तर्कहीन₹ बताया है, लेकिन तत्काल जवाबी टैरिफ से इनकार किया। पीएम एंथनी अल्बनीज ने कहा कि 10% टैरिफ का कोई मतलब नहीं है। यह दोस्त का सही कदम नहीं है।



# ट्रम्प टैरिफ के जवाब में कनाडा ने 25% टैरिफ लगाया

## फ्रांस ने अमेरिका में निवेश पर रोक लगाई; भारत को कपड़ा सेक्टर में मौका

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद ट्रेड वॉर तेज हो गया है। कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन पर से 20% टैरिफ वापस लेना होगा। ट्रम्प ने भारत पर 27% टैरिफ लगाया है। नई टैरिफ दरें 9 अप्रैल से लागू होंगी। 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक भारत के उत्पादों पर 10% बेसलाइन टैरिफ लगाया जाएगा। थाइलैंड पर 37%, ताइवान पर 32% जबकि जापान पर 24% टैरिफ लगाया गया है। सऊदी अरब, मिस्र, ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड पर बेसलाइन 10% टैरिफ की घोषणा की। गुरुवार से अमेरिका ने आयातित कारों और कार के पार्ट्स पर 25% टैरिफ वसूली भी शुरू कर दी। ट्रम्प टैरिफ भारत के लिए आपदा में अवसर भी साबित हो सकता है। भारत पर 27% जबकि चीन पर 34% टैरिफ लगाया गया है। चीन पर दो हफ्ते पहले से 20% टैरिफ लागू है यानी चीन पर अब कुल ट्रम्प टैरिफ 54% है, यानी भारत से दोगुना। भारतीय फार्मा सेक्टर को टैरिफ से राहत मिली है। जबकि चीन पर ऊंचे टैरिफ का फायदा भारत के इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर को भी मिल सकता है। इन दोनों ही सेक्टरों की अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में लगभग 24 अरब डॉलर (2 लाख करोड़ रु.) की हिस्सेदारी है। ये भारत के लिए सीधे-सीधे फायदे की स्थिति है। साथ ही केंद्र सरकार का कहना है कि ये टैरिफ भारत के लिए कोई झटका नहीं, बल्कि मिक्सबैग हैं। टैरिफ का समाधान भारत-अमेरिका के बीच लगभग 500 अरब डॉलर (42.75 लाख करोड़ रु.) की ट्रेड डील हो सकती है। इस पर पहले दौर की वार्ता हो चुकी है। सितंबर तक डील फाइनल हो जाएगी। गारमेंट-टेक्सटाइल सेक्टर में भारत के प्र ?तिद्वंद्वी बांग्लादेश पर 37%, श्रीलंका पर 44% वियतनाम पर 46% टैरिफ लगा है। भारत में गारमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर इन देशों से बेहतर है। 13 अरब डॉलर निर्यात वाले भारतीय गारमेंट सेक्टर को अमेरिका से नए सप्लाई ऑर्डर मिल सकते हैं। जेम्स और जूलरी (रत्न-आभूषण) सेक्टर के प्रभावित होने की आशंका सबसे ज्यादा है। अभी लूज डायमंड पर शून्य जबकि आभूषणों पर 7% तक टैरिफ है। अब ये 27% हो जाएगा। अभी अमेरिका की जरूरत का लगभग 30% आयात भारत से होता है।




# अमेरिका में ईमेल भेज सैकड़ों विदेशी छात्रों का वीजा रद्द

## एआई से कैंपस एक्टिविस्ट्स की पहचान कर रही सरकार, देश छोड़ने के आदेश

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका में पढ़ने वाले सैकड़ों विदेशी छात्रों को उनका एफ-1 वीजा यानी स्टूडेंट वीजा रद्द होने का अचानक ईमेल मिला है। यह मेल अमेरिकी विदेश मंत्रालय (डीओएस) की ओर से मार्च के आखिरी हफ्ते में भेजा गया है। यह ई-मेल उन छात्रों को भेजा गया है, जो कैंपस एक्टिविज्म यानी कैंपस में होने वाले प्रदर्शनों में शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन छात्रों को भी ऐसे मेल भेजे गए हैं, जो भले ही कैंपस एक्टिविज्म में शामिल नहीं थे, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया पर ह्यइजराइल विरोधीह्न पोस्ट को शेयर, लाइक या फिर कमेंट किया। मेल में कहा गया है कि छात्रों के एफ-1 वीजा रद्द कर दिए गए हैं। छात्रों से खुद को डिपोर्ट करने यानी अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी भी दी गई है। अमेरिकी सरकार कैच एंड रिवोक ऐप की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा हमास समर्थक छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि, कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221 के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुमार्ना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद से अमेरिका छोड़ दें। ईमेल में कहा गया है कि अगर आप भविष्य में अमेरिका की यात्रा करने का इरादा रखते हैं तो आपको दूसरे अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करना होगा। इसके बाद आपके आवेदन पर फैसला किया जाएगा। इसमें छात्रों को रद्द कर दिए गए वीजा का इस्तेमाल न करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि उन्हें अमेरिका छोड़ते वक्त दूतावास में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। अब तक कितने छात्रों ने अमेरिका छोड़ा है, इसकी जानकारी नहीं है। कई छात्र बिना औपचारिक डिपोर्टेशन के खुद से देश छोड़ रहे हैं तो कुछ ने कोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ भारतीय छात्रों को भी मेल भेजे गए हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक भारतीय छात्रों को हमास के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया पोस्ट लाइक करने की वजह से ई-मेल मिले हैं। हालांकि, इनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एफ-1 वीजा रद्द करने वाले ईमेल को लेकर कहा कि 300 से ज्यादा छात्रों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं।

# व्हाइट हाउस के दस्तावेज में भारत पर शुल्क 27 प्रतिशत से घटाकर किया गया 26 प्रतिशत



> अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई शुल्क दरों का उल्लेख था।

एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के दस्तावेज में भारत पर लगाए जाने वाले आयात शुल्क को 27 प्रतिशत से घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया है। शुल्क नौ अप्रैल से लागू होंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को विभिन्न देशों के खिलाफ जवाबी शुल्क की घोषणा करते हुए एक चार्ट दिखाया था जिसमें भारत, चीन, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ जैसे देशों पर लगाई जाने वालीं नई शुल्क दरों का उल्लेख था। चार्ट के अनुसार, भारत मुद्रा हेरफेर और व्यापार बाधाओं सहित 52 प्रतिशत शुल्क लेता है और अमेरिका अब भारत से 26 प्रतिशत का रियायती जवाबी शुल्क वसूलेगा।

हालांकि, व्हाइट हाउस के दस्तावेजों में भारत पर 27 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने का जिक्र था लेकिन नवीनतम अद्यतन दस्तावेज में इसे घटाकर 26 प्रतिशत कर दिया गया है।

# अखिलेश ने तोड़फोड़ कार्रवाई के समय किताबें समेटने वाली लड़की की मदद का संकल्प लिया



> उच्चतम न्यायालय ने आस-पास के क्षेत्रों में इस तरह के तोड़फोड़ के हालात के बारे में 'अधिकारियों से जवाब मांगा है। आंबेडकरनगर के जलालपुर इलाके के अरई गांव में रहने वाली अनन्या ने पत्रकारों से कहा था कि वह एक दिन आईएएस अधिकारी बनना चाहती है।

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह आंबेडकर नगर की आठ वर्षीय अनन्या यादव की शिक्षा का खर्च उठाएंगे। अन्यया का एक वीडियो काफी चर्चा में रहा जिसमें वह अपनी झुग्गी के पास तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान किताबों को समेटते हुए दौड़ती नजर आ रही है ।इस वीडियो ने उच्चतम न्यायालय सहित सभी का ध्यान आकर्षित किया है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, जो बच्चों का भविष्य उजाड़ते हैं, दरअसल वो बेघर होते हैं। हम इस बच्ची की पढ़ाई का संकल्प उठाते हैं ।उन्होंने कहा, पढ़ाई का मोल पढ़ने वाले ही जानते हैं। बुलडोजर विध्वंसक शक्ति का प्रतीक है, ज्ञान, बोध या विवेक का नहीं। बुलडोजर अहंकार के ईंधन से, दंभ के पहियों पर सवार होकर चलता है, इसमें इंसाफ की लगाम नहीं होती है ।मार्च में, अन्यया को तोड़फोड़ की कार्रवाई के चलते अपनी झुग्गी छोड़नी पड़ी, क्योंकि कथित तौर पर यह अतिक्रमण कर बनाई गई थी। आंबेडकर नगर पुलिस ने इस कार्रवाई का बचाव किया ।उसने कहा, जलालपुर तहसीलदार की अदालत द्वारा पारित आदेश के बाद, गांव की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए यह कार्रवाई की गई... ह्नसरकारी भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए राजस्व न्यायालय के आदेश का पूर्ण अनुपालन करते हुए फोड़फोड़ की गई ।हाल ही में इस मुद्दे का संज्ञान लेने वाले उच्चतम न्यायालय ने आस-पास के क्षेत्रों में इस तरह के तोड़फोड़ के हालात के बारे में अधिकारियों से जवाब मांगा है। आंबेडकरनगर के जलालपुर इलाके के अरई गांव में रहने वाली अनन्या ने पत्रकारों से कहा था कि वह एक दिन आईएएस अधिकारी बनना चाहती है।

# लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

> संसद का बजट सत्र दो भागों में आयोजित किया गया; यह 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और 4 अप्रैल को समाप्त हो गया।



एजेंसी

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण खत्म हो गया है और दोनों ही सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के आखिरी समय के कामकाज अपने आप में ऐतिहासिक रहे। दोनों सदनों में वक़्फ़ बिल को लेकर देर रात तक चर्चा की गई और उसे पारित किया गया जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। वक़्फ़ बिल में पुराना रिकॉर्ड 1981 में 16 घंटे 51 मिनट आजमा अधिनियम पर रिकॉर्ड चर्चा की गई थी और राज्य सभा में कल 17 घंटे 2 मिनट तक चर्चा की गई। जो एक एक रिकॉर्ड बन गया। संसद का बजट सत्र दो भागों में आयोजित किया गया; यह 31 जनवरी को शुरू हुआ और 13 फरवरी तक चला। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ और 4 अप्रैल को समाप्त हो गया ।बजट सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा में विपक्षी दलों की ओर से नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के जोरदार विरोध के बीच लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा देखने को मिला। आज जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा सांसदों ने ₹सोनिया गांधी माफी मांगो₹ के नारे लगाए। राज्यसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन, शुक्रवार को दो सदस्यों वीरेंद्र प्रसाद वैश्य तथा मिशन रंजन दास को विदायी दी गई जिनका कार्यकाल जून में समाप्त होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किये गए। बिरला ने कहा कि सदन में केंद्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया, वहीं सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गए और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 सहित कुल 16 विधेयक पारित किये गए। उन्होंने कहा कि यह सत्र 31 जनवरी, 2025 को आयोजित किया गया था। इस दौरान कुल 26 बैठकें हुईं और संसदीय उत्पादकता 118% से अधिक रही। बजट सत्र के दौरान, लोकसभा द्वारा विभिन्न मंत्रालयों के लिए अनुदान की मांगों के साथ-साथ वित्त विधेयक को मंजूरी दिए

## वक्फ संशोधन विधेयक पर जम्मू-कश्मीर के ग्रैंड मुफ्ती का भड़काऊ बयान

एजेंसी

वक्फ संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी मिल चुकी है। देशभर में मोदी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया जा रहा है लेकिन कुछ लोग विरोध में भी हैं और इस कानून को अदालत में चुनौती देने की बात कर रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं जम्मू-कश्मीर के ग्रैंड मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम जिन्होंने कहा है कि यह मुसलमानों की संपत्ति पर कब्जा करने का प्रयास है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जायेगी। प्रभासाक्षी से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह मुस्लिम समुदाय के अधिकारों को खतरे में डालता है, इसलिए उनके हितों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक धार्मिक समुदायों के बीच विवाद पैदा करने और कलेक्टरों को मुस्लिम हितों के खिलाफ काम करने का अधिकार देने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा, यह अल्पसंख्यकों को बदनाम करने और उन्हें बांटने तथा उन्हें कमजोर करने का एक तरीका है। मुफ्ती ने विधेयक को संविधान के मूल ढांचे पर हमला बताया और घोषणा की कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठन सामूहिक रूप से अपनी कार्रवाई का तरीका तय करेंगे। उन्होंने कहा, अगर वे इसे कानूनी तौर पर चुनौती देने का फैसला करते हैं, तो हम उनके साथ शामिल होंगे। अन्यथा, हम इस विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में स्वतंत्र रूप से लड़ेंगे।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008

कार्य - मुंबई मंडल पर विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन

| नीलामी सूची सं. | नीलामी शुरू (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM-25-2 | 15-04-25 14:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | VAPI स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 15-04-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-PLG-PrKiosk-53-25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | पालघर (PLG) और बोईसर (BOR) स्टेशनों पर प्रमोशनल कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 15-04-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-BL-PrKiosk-49- 25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | वलसाड (BL) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/उत्पाद प्रदर्शन के माध्यम से 3 वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापन के अनुबंध के लिए ई-नीलामी। | 1096 | 15-04-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-DDR-BCA-52-25-1 (Misc-Static-Services- Battery Operated Carts with Advertisement) | दादर (DDR) स्टेशन पर BOC के बॉडी पर विज्ञापन के प्रदर्शन के लिए ऑपरेटरों और अनुमति के साथ 3 (तीन) बैटरी चालित गाडि़यों (BOC) की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के कार्य के लिए ई-नीलामी। | 1826 | 15-04-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना। | 1826 | 15-04-25 15:10:00 |

| नीलामी सूची सं. | नीलामी शुरू (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM-25-2 | 15-04-25 15:00:00 |

| क्र. सं. | लॉट संख्या | स्थान/क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-(Advertising - Out of Home) | चर्चगेट स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 पिलर वेल के पश्चिम की ओर, सड़क की ओर मुख करके वॉल पेंटिंग के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 730 | 15-04-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-EBW-S1-15EMU12c-25-1(Advertising - Train Exterior (Below Window) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल में 15 ई.एम.यू. (प्रत्येक ई.एम.यू. में 12 कोच होते हैं) की बाहरी दीवार की सतह (खिड़की के नीचे) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से 5 वर्ष की अवधि के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करना। | 1826 | 15-04-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (Advertising - On Station Premise (Digital) | मुंबई सेंट्रल (मुख्य) स्टेशन पर 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1826 | 15-04-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (Advertising - On Station Premise (Digital) | मरीन लाइन्स (एमईएल) पर स्टेशन भवन पर एलईडी स्क्रीन के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1826 | 15-04-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | चर्नी रोड (सीवाईआर) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, कोपिंग वॉल और डिवाइडर फेंसिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 15-04-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-STC-OSN-377- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | सांताक्रूज़ (एसटीसी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | विलेपार्टे (वीएलपी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज और सीढ़ी लैंडिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार।) | 1096 | 15-04-25 16:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-MX-OSN-373-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर रेलिंग पर पटरियों के बीच 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार) | 1096 | 15-04-25 16:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्टों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 15-04-25 17:00:00 |
| 11 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 17:10:00 |
| 12 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | खार (KHAR) में पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 17:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | मरीन लाइन्स (MEL) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। | 1096 | 15-04-25 17:30:00 |
| 14 | ADVT-BCT-GTR-OSN- 157-23-2 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | ग्रांट रोड (GTR) स्टेशन पर तीन साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 17:40:00 |
| 15 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-15 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital) | अंधेरी (ADH) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1096 | 15-04-25 17:50:00 |

नोटः संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण वहाँ उल्लिखित सूची के अंतर्गत उपलब्ध है। 0003

: facebook.com/WesternRly • : X.com/WesternRly

# हाईकोर्ट में हिंदू पक्ष बोला- राधा-रानी के बिना कृष्ण अधूरे

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में पक्षकार बनाया जाए, मुस्लिम पक्ष ने कहा- हमें कोई आपत्ति नहीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में हिंदू पक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से राधा-रानी को पक्षकार बनाने की मांग की है। गुरुवार को हिंदू पक्ष की वकील रीना एन सिंह ने कहा - भगवान श्रीकृष्ण मुख्य वादी हैं। राधा रानी के बिना कृष्ण अधूरे हैं। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण की सभी संपत्तियों में राधा-रानी का हक है। ऐसे में राधा-रानी को पक्षकार बनाया जाना चाहिए। हिंदू पक्ष की मांग पर मुस्लिम पक्ष ने कहा - मुझे राधा-रानी को पक्षकार बनाने पर कोई आपत्ति नहीं है, बस यह देखा जाए कि आवेदन कानूनी प्रावधान से स्वीकार्य है या नहीं।




दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने 6 मई को अगली तारीख तय की है। हिंदू पक्ष ने कोर्ट में कहा- भक्त परंपरा में राधा-कृष्ण को एक ही तत्त्व के रूप में देखा जाता है, जहां कृष्ण परमब्रह्म और राधा उनकी आंतरिक शक्ति हैं। ब्रज परंपरा के अनुसार, राधा और कृष्ण का विवाह फुलेरा दूज के दिन भांडीरवन, मथुरा में संपन्न हुआ था। इस विवाह का उल्लेख पुराणों और साहित्यों में मिलता है। इसमें कहा जाता है कि स्वयं ब्रह्मा जी ने उनका विवाह संपन्न कराया था। इस कानूनी याचिका और आध्यात्मिक तत्त्व को देखते हुए यह मामला केवल विधिक नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। सुनवाई के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग को लेकर अर्जी दाखिल की। उन्होंने कहा - अयोध्या केस की सुनवाई के दौरान बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया गया था। ठीक उसी तरह शाही ईदगाह को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की। उन्होंने कहा - 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

# भूमाफिया की जमीन पर चला बुलडोजर

**पीडीए ने 100 बीघा अवैध प्लाटिंग से कब्जा हटाया, एफआईआर दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पीडीए ने करीब 100 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कार्रवाई जोन-02 के उपजोन 2ए और 2बी क्षेत्रों में की गई। कसारी मसारी और देवघाट कालिंदीपुरम गेस्ट हाउस के पीछे 15 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को हटाया गया। कसारी मसारी देवघाट क्षेत्र से 20 बीघा जमीन खाली कराई गई। देवघाट यमुना कुण्ड के पास नाले की 10 बीघा जमीन को भी मुक्त किया गया। नसीरपुर सिलना और भीटी क्षेत्र में 20 बीघा जमीन से अवैध प्लाटिंग हटाई गई। सिलना भीटी रोड और



नसीरपुर में 40 बीघा जमीन से अतिक्रमण दूर किया गया। पीडीए ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी, भवन निरीक्षक कुंवर आनंद सिंह, सुपरवाइजर और पीडीए प्रवर्तन टीम मौजूद थी। थाना एयरपोर्ट की पुलिस टीम भी साथ रही। प्राधिकरण ने कहा है कि अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### बालू के ट्रैक्टर को लेकर विवाद

**15 लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, एसपी को ज्ञापन**

बांदा, थाना मटौंध क्षेत्र के ग्राम इन्द्रापुरखा दुरेडी में बालू के ट्रैक्टर की रफ्तार को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़िता कपूरी वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। घटना 3 अप्रैल 2025 की शाम करीब 5 बजे की है। आरोप है कि नीरज तिवारी, बड्डुवा तिवारी, कल्लन तिवारी, लाला तिवारी, पवन तिवारी, रमेश तिवारी, सन्तराम समेत करीब 15 लोग गांव में आए। इन लोगों ने छुद्ध, माया, छोटू और लाला भाई के साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, नीरज तिवारी के हाथ में तमंचा था। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बालू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर को धीमा चलने के लिए कहा गया। मारपीट में छुद्ध वर्मा, माया, लाला भाई और छोटू को चोटें आईं। पीड़िता ने उसी दिन शाम को भीकी भूरागढ़ पुलिस को सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घायलों का मेडिकल भी नहीं कराया गया। आरोप है कि अगले दिन सुबह 8 बजे आरोपी नीरज तिवारी गांव आया और कार्रवाई कराने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**बांदा में पति कर रहा दूसरी शादी, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार**

बांदा, एक महिला ने अपने पति द्वारा दूसरी शादी करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह 21 अप्रैल को हुआ था। उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार सभी रस्में पूरी की थीं। निकाह के मात्र 5 महीने बाद से ही ससुरालवालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पति और ससुरालवाले एक चार पहिया वाहन और तीन तोला सोने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने पीड़िता के साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने इस मामले में पहले भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### पेट्रोल पंप पर लूट की कोशिश

**सेल्समैन से रुपए लेकर भागे, कर्मचारियों ने दौड़ाकर पकड़ा, 82 हजार रुपए मिले**

अमरोहा, नौगांवा सादात में एक पेट्रोल पंप पर लूट का प्रयास नाकाम हो गया। सेल्समैन की सूझबूझ और बहादुरी से दो लुटेरे पकड़े गए। घटना चिकारा फ्यूल प्वाइंट की है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बीती शाम करीब 8 बजे बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवक पंप पर आए। उन्होंने 50 रुपये का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद सेल्समैन बबलू सिंह से 5 हजार रुपये छीनकर भागने लगे। बबलू ने तुरंत एक बदमाश को बाइक से खींच लिया। उनकी आवाज सुनकर अन्य कर्मचारी भी दौड़ पड़े। दोनों बदमाशों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।

# जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार

- जांच न होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी, युवक कांग्रेस ने की शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, युवक कांग्रेस ने जल जीवन मिशन में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी श्रीवास्तव को सौंपा। शुभम सिंह ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन की उपलब्धियां सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में न तो पानी की आपूर्ति हो पा रही है और न ही सड़कों की स्थिति ठीक है। जल निगम की लापरवाही से सड़कें खराब हो रही हैं। युवक कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जांच नहीं हुई तो वे भूख हड़ताल और आमरण अनशन करेंगे। शुभम सिंह ने कहा कि वे गांव-गांव जाकर निमार्णाधीन पानी की टंकियों की जांच करेंगे और भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता तक पहुंचाएंगे। प्रदर्शन करने वालों में



यह रहे मौजूद कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिंह, अमेठी युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र सिंह लोहा, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष अंशु तिवारी, नितेश कुमार, प्रवक्ता दिवस प्रताप सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष राहुल पासवान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वक्फ बिल पास होने से मुस्लिम समाज में आक्रोश

**बीबीया मस्जिद के इमाम बोले- वोट देने वालों ने मुसलमानो के पीठ में मारा छुरा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल पारित होने के बाद मुस्लिम समुदाय में गहरा आक्रोश है। जुमा नमाज के बाद बीबीया मस्जिद के इमाम मौलाना कसीम कासमी ने मीडिया से बातचीत में अपनी नाराजगी जताई। मौलाना कसीम ने कहा कि यह बिल सरकार की बदनियती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह वक्फ की जमीन को हड़पने की एक स्पष्ट साजिश है। वक्फ की संपत्ति उनका धार्मिक और सामुदायिक विरासत है, जिसे वे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, वक्फ बिल के समर्थन में वोट करने पर नीतीश और नायडू आदि के सवाल पर मौलाना ने कहा कि उन्होंने धोखा दिया है गद्दारी की है और मुसलमानों के पीठ में छुरा मारा है। मुसलमान वो जियाली कौम है जो हमेशा से सामने से



मुकाबला करती है पीछे से नहीं। उनको उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। मौलाना ने कहा हम मुसलमानों से अपील करेंगे। बहुत ही अमन के तरीके से जो हमारे सेक्युलर हुकूक हैं। उसके जरिए से अपना एहतिजाज दर्ज कराए ये हमारा बुनियादी फरीजा है। मौलाना कसीम ने जुमा पर अलर्ट को लेकर कहा कि ये बेबुनियाद अलर्ट है। मसल मशहूर है, जबरा मारे रोने न दे। उसी का तमाशा है। मुसलमान समझ रहा है आज हमको नए तरीके से जलील करने की साजिश की जा रही है। शांतिपूर्ण विरोध की अपील मुसलमान वो कौम है जिसने हर दौर में मुल्क की सरहदों पर आगे बढ़कर हिफाजत की है। जिसने मुल्क की आजादी के लिए खून देने वालों में सरे फेहरिस्त अपना मकाम दिखाया है।

मौलाना ने समुदाय से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों के माध्यम से अपना विरोध प्रकट करेंगे।

# राकेश हत्याकांड: 6 आरोपियों पर हुई एफआईआर

- थप्पड़ का बदला लेने के लिए मारी गोली, वर्चस्व को लेकर हुआ था विवाद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुड़ीला डीह निवासी राकेश विश्वकर्मा (25) के रूप में हुई है। राकेश खाना खाकर घर से निकला था। घर से कुछ दूर बाइक सवार बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गंभीर हालत में उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले जाया गया। वहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज शुरू करने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हत्या एक थप्पड़ का बदला लेने के लिए की गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। बाद में शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। सीओ सिटी



प्रशांत सिंह और कोतवाल नारद मुनि सिंह ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इस बीच दोस्तपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बंटी सिंह का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वे नगर कोतवाल को बता रहे हैं कि आरोपी राम सागर यादव पर 50 से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं।

# भाजपा स्थापना दिवस से पहले स्वच्छता अभियान

**अमेठी में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय और आसपास के क्षेत्र की सफाई की, जिलाध्यक्ष समेत कई नेता रहे मौजूद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व अमेठी जिला कार्यालय गौरीगंज में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्वच्छता दूतों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यालय की नियमित सफाई व्यवस्था संभालने वाले उमापति और प्रेम शर्मा को उनके सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

युवा कार्यकर्ताओं के उत्साह और समर्पण ने इस अभियान को सफल बनाया। सभी ने मिलकर न केवल कार्यालय परिसर की सफाई की, बल्कि



आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ किया। कार्यकताओं ने स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत' मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक कदम है। भाजपा का यह प्रयास 'सेवा ही संगठन' के मूल मंत्र को साकार करता है। कार्यकताओं का मानना है कि स्वच्छता को एक आदत और जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है। इस अभियान में जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, युवा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# सिपाही की वर्दी फाड़ने वाले पर एफआईआर

**अलीगढ़ में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची थी पुलिस, आरोपी ने की थी मारपीट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पुलिस कर्मियों से अभद्रता करने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोप है कि मारपीट की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों से आरोपी ने मारपीट की और ऑन ड्यूटी पुलिस कर्मी की वर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद थाने से भारी फोर्स मौके पर पहुंची थी और लोगों की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद पीड़ित सिपाही की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे जेल भी भेज दिया गया है। सिविल लाइंस पुलिस को 2 अप्रैल की देर शाम को 112 नंबर के माध्यम से जमालपुर आसिफ




नगर में घरेलू विवाद और मारपीट की सूचना मिली थी। जिसके बाद पीआरवी 4059 पर तैनात सिपाही राहुल कुमार और हेड कांस्टेबल चालक सत्यपाल मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने आरोपी को फोन किया था। जब पुलिस ने आरोपी कासिफ जफर जुनैदी को फोन किया तो आरोपी ने फोन पर ही पुलिस कर्मियों से अभद्रता शुरू कर दी। जब पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो आरोपी कासिफ ने उनसे धक्का मुक्की और अभद्रता शुरू कर दी। उसने पीआरवी कर्मी राहुल की वर्दी भी फाड़ दी। जिसके बाद उन्होंने थाने में सूचना दी। जब आरोपी ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता और मारपीट की, तो आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मियों की सूचना पर थाने से भारी फोर्स मौके पर पहुंच गई और उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे थाने लाकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। सिविल लाइंस थाना प्रभारी राजवीर परमार ने बताया कि आरोपी ने पुलिस कर्मियों से अभद्रता की और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई।

पीआरवी कर्मी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**3 दिन में 321 ई-रिक्शा का चालान, 25 वाहन सीज; 8 लाख से ज्यादा का जुमार्ना वसूला**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चला रही हैं परिवहन विभाग की कार्रवाई में बिना रजिस्ट्रेशन, नाबालिग चालकों और बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर चालान काटे जा रहे हैं। अमेठी के एएसपी के अनुसार, शासन के निर्देश पर 1 से 30 अप्रैल तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में अब तक 2,361 ई-रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन किया जा चुका है। अमेठी में कुल 5,354 ई-रिक्शा



पंजीकृत हैं। पिछले तीन दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने 321 ई-रिक्शा समेत अन्य वाहनों का चालान किया है। इस दौरान 5 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया है। एआरटीओ अमेठी के अनुसार, 25 वाहनों को सीज किया गया है। इनमें नाबालिग चालकों द्वारा चलाए जा रहे और बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन शामिल हैं। इसके अलावा 45 अन्य वाहनों का चालान किया गया है और 3 लाख रुपये से अधिक की कंपाउंडिंग फीस वसूली गई है।

# सिपाही ने किया सुसाइड

**फांसी के फंदे से लटका मिला शव; 2011 में हुए थे पुलिस में भर्ती**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, किराए पर रह रहे हेड कॉन्स्टेबल ने आत्महत्या कर ली। सिपाही का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सिपाही के द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच



गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परिजन भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए। थाना सदर बाजार क्षेत्र के औरंगाबाद इलाके में स्थित बलदेव पुरम कॉलोनी में किराए पर रहने वाले 43 वर्षीय सिपाही राजवीर सिंह का शुक्रवार को कमरे पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। राजवीर सिंह आगरा में डायल 112 पर तैनात थे। वह ड्यूटी कर कमरे पर लौटे थे। राजवीर सिंह बीबी नगर बुलंदशहर के रहने वाले हैं। 2011 में राजवीर उत्तर प्रदेश में भर्ती हुए थे। इनकी 12 साल पहले शादी हुई थी। राजवीर के एक बेटा और एक बेटी हैं। सिपाही राजवीर सिंह के द्वारा आत्महत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गए।

# व्यापार मंडल में बड़ा फेरबदल

**5 ग्रामीण बाजारों में नई टीम बनी, सभी पदाधिकारियों को मिला मनोनयन पत्र**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक जिला कार्यालय गौरीगंज रोड पर आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष महेश सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिले के पांच प्रमुख बाजारों में नई टीम का गठन किया गया। भादर बाजार में अंशु सिंह को अध्यक्ष, अनंत लाल बरनवाल को महामंत्री, मो इस्लाम को उपाध्यक्ष और अजय कुमार कोरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। टीकरमाफी बाजार में सतीश कुमार को अध्यक्ष चुना गया।



उपाध्यक्ष पद पर संतोष कुमार उमरवैश्य, गुलाब चंद सोनी, संजीव कुमार गुप्ता और राजेश कुमार अग्रहरी को नियुक्त किया गया। अभय राज मौर्य को महामंत्री, अरुण कुमार को कोषाध्यक्ष और राम निरंजन कोरी को संगठन मंत्री बनाया गया। हथकिला बाजार की कमान बृजेश तिवारी को सौंपी गई। बहादुरपुर बाजार में मो सलमान अध्यक्ष, मो अब्बास उपाध्यक्ष और रामजी गुप्ता महामंत्री बने। मो कलाम को जिला उपाध्यक्ष और राम कृष्ण तिवारी को अयोध्या नगर बाजार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। विजय गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सभी नए व्यापारियों ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में व्यापारियों ने फर्जी लेनदेन के कारण बंद किए जा रहे बैंक खातों का मुद्दा उठाया। जिलाध्यक्ष ने उच्चाधिकारियों से मिलकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।